बिहार पुलिस सिपाही (Constable) प्रैक्टिस बुक

प्रधान सम्पादक
ए. के. महाजन
लेखन सहयोग
परीक्षा विशेषज्ञ समिति
कम्प्यूटर ग्राफिक्स
बालकृष्ण त्रिपाठी, आशीष गिरि
संपादकीय कार्यालय
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com
© All rights reserved with Publisher
प्रकाशन घोषणा
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय-सूची

■ प्रैक्टिस सेट-1 3-15

■ प्रैक्टिस सेट-2 16-27

■ प्रैक्टिस सेट-3 28-39

■ प्रैक्टिस सेट-4 40-51

■ प्रैक्टिस सेट-5 52-63

■ प्रैक्टिस सेट-6 64-76

■ प्रैक्टिस सेट-7 77-88

■ प्रैक्टिस सेट-8 89-101

■ प्रैक्टिस सेट-9 102-115

■ प्रैक्टिस सेट-10 116-128

■ प्रैक्टिस सेट-11 129-140

■ प्रैक्टिस सेट-12 141-153

■ प्रैक्टिस सेट-13 154-166

■ प्रैक्टिस सेट-14 167-179

■ प्रैक्टिस सेट-15 180-192

पाठ्यक्रम - लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं कक्षा (Matric) अथवा समकक्ष स्तर का होगा। लिखित परीक्षा में 1. हिन्दी 2. अंग्रेजी 3. गणित 4. सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र) 5. विज्ञान (भौतिक, रसायन शास्त्र, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) 6. सामान्य विज्ञान एवं समसामयिक मामलों से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें।

PRACTICE SET - 1

1. **भारत एक गणतंत्र है। गणतंत्र का मतलब क्या है?**
   (a) शासक राजा या रानी होती है
   (b) शासक राजा या रानी का सीधा वंशज होता है
   (c) राज्य का प्रमुख उसके लोगों द्वारा परोक्ष रूप से चुना जाता है
   (d) वह दिन जब भारत स्वतंत्र हुआ

2. **भारत के संविधान के लागू होने के समय इसमें मूलतः कुल कितने अनुच्छेद थे?**
   (a) 396 (b) 391
   (c) 392 (d) 395

3. **भारत के संविधान की प्रस्तावना (Preamble) में प्रयुक्त शब्द 'गणतन्त्र' सूचित करता है।**
   (a) कि देश का प्रधान वंशागत है
   (b) कि देश का प्रधान संवैधानिक शासक है
   (c) कि देश का प्रधान, निर्वाचित प्रतिनिधि है
   (d) ऊपर का कोई नहीं

4. **राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों की अनुपस्थिति में भारत के राष्ट्रपति का कार्यभार कौन संभालता है?**
   (a) भारत का मुख्य न्यायाधीश
   (b) लोक सभा अध्यक्ष
   (c) कैबिनेट सचिव
   (d) गृह मंत्री

5. **भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2017 किस मंत्रालय द्वारा पेश किया गया?**
   (a) श्रम मंत्रालय (b) वाणिज्य मंत्रालय
   (c) कानून मंत्रालय (d) वित्त मंत्रालय

6. **इनमें से कौन से भारतीय प्रधानमंत्री ने संसद का सामना नहीं किया?**
   (a) चंद्रशेखर (b) मोरारजी देसाई
   (c) वी. पी. सिंह (d) चरण सिंह

7. **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वित्तीय आपातकाल से संबंधित प्रावधान वर्णित है?**
   (a) अनुच्छेद-148 (b) अनुच्छेद-143
   (c) अनुच्छेद-360 (d) अनुच्छेद-72

8. **किस विधि अधिकारी के पास संसद के दोनों सदनों में बोलने का अधिकार है?**
   (a) महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल)
   (b) कानूनी सलाहकार
   (c) सॉलिसिटर जनरल
   (d) महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल)

9. **भारत में राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना कब हुई थी?**
   (a) 1953 (b) 1951
   (c) 1950 (d) 1952

10. **आकाशगंगा की निकटतम स्पाइरल गैलेक्सी (Spiral galaxy) कौन सी है?**
   (a) ड्वार्फ गैलेक्सी (b) सन फ्लावर गैलेक्सी
   (c) एंड्रोमेडा गैलेक्सी (d) पिनव्हील गैलेक्सी

11. **किस ग्रह का नाम किसी रोमन देवी के नाम पर रखा गया है?**
   (a) पृथ्वी (b) शुक्र
   (c) शनि (d) बृहस्पति

12. **ग्लोब पर अक्षांश की सबसे लंबी रेखा इनमें से कौन सी है ?**
   (a) उत्तर ध्रुवीय वृत्त (b) भूमध्य रेखा
   (c) कर्क रेखा (d) मकर रेखा

13. **निम्नलिखित में से कौन सी विश्व की सबसे खारे पानी की झीलों में से एक है?**
   (a) अरल सागर (b) लाल सागर
   (c) मृत सागर (d) कैस्पियन सागर

14. **भारत देश का दक्षिणतम बिंदु कौन सा है?**
   (a) केप कोमोरिन (b) कन्याकुमारी
   (c) करोंड़ी (d) इंदिरा प्वॉइंट

15. **कैलाश पर्वत निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है?**
   (a) उत्तराखंड (b) सिक्किम
   (c) तिब्बत (d) नेपाल

16. **इनमें से कौन सा ब्रह्मपुत्र नदी का उद्‌गम स्थल है ?**
   (a) गंगोत्री (b) त्सो ल्हामो झील
   (c) मानसरोवर झील (d) गोमुख

17. **इनमें से किसे 'मिल्कमैन ऑफ इंडिया' कहा जाता है ?**
   (a) वर्गीज कुरियन (b) अर्जुन देव
   (c) चरण सिंह (d) मनोज कुमार

18. **राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (NH 48) का विस्तार............तक है।**
   (a) दिल्ली से चेन्नई (b) दिल्ली से गुवाहाटी
   (c) दिल्ली से कोलकाता (d) दिल्ली से हैदराबाद

19. **बोधिसत्व की अवधारणा इनमें से किससे संबंधित है?**
   (a) जैन धर्म (b) हीनयान बौद्ध धर्म
   (c) सिख धर्म (d) महायान बौद्ध धर्म

20. **किस राजा की कहानी, मुद्राराक्षस (Mudrarakshasa) नाटक का विषय है?**
   (a) जयचन्द (b) चन्द्रगुप्त II
   (c) चन्द्रपीड़ (d) चन्द्रगुप्त मौर्य

21. **'राजतरंगिणी' (Rajatarangini) के लेखक कौन हैं?**
   (a) कालिदास (b) चंदबरदाई
   (c) जयदेव (d) कल्हण

22. **अजंता की गुफाएं कहाँ स्थित है?**
(a) तमिलनाडु (b) छत्तीसगढ़
(c) महाराष्ट्र (d) दिल्ली

23. **अल-बरूनी ने अपनी पुस्तक 'किताब-उल-हिंद' (मिन मकाला) किस भाषा में लिखी थी ?**
(a) संस्कृत (b) अरबी
(c) फारसी (d) सीरियाई

24. **कुतुब मीनार जो दुनिया की सबसे ऊँची ईंटों की मीनार है। इसका निर्माण 1193 में दिल्ली सल्तनत के किस संस्थापक के आदेशों के तहत किया गया था?**
(a) फिरोज शाह तुगलक (b) कुतुब–उद्–दीन ऐबक
(c) इल्तुतमिश (d) कुली कुतुब शाह

25. **शेरशाह सूरी का मकबरा .... में स्थित है।**
(a) फतेहपुर सीकरी (b) दिल्ली
(c) सासाराम (d) आगरा

26. **अहमद शाह अब्दाली भारत में किस एशियाई देश से आया था?**
(a) फारस (b) तुर्की
(c) अफ़गानिस्तान (d) मंगोलिया

27. **अकबर द्वारा निर्मित पंच महल ...... में स्थित है।**
(a) दिल्ली (b) अजमेर
(c) आगरा (d) फतेहपुर सीकरी

28. **पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर कब्जा कब किया गया था ?**
(a) 1605 AD (b) 1590 AD
(c) 1510 AD (d) 1485 AD

29. **लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?**
(a) तात्या तोपे (b) बेगम हजरत महल
(c) वीर सावरकर (d) कुंवर सिंह

30. **मुस्लिम लीग की स्थापना किस शहर में हुई थी?**
(a) हैदराबाद (b) ढाका
(c) लाहौर (d) कराची

31. **इनमें से भारत के किस वायसराय ने निर्वाचित स्थानीय सरकारी निकायों के सृजन की पहल की थी?**
(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड इरविन
(c) लॉर्ड रीडिंग (d) लॉर्ड वेवेल

32. **खाद्य पदार्थ, वस्त्र जैसे उत्पाद एवं मनोरंजन जैसी सेवाओं को उनके अंतिम उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे जाने पर .... कहा जाता है।**
(a) अंतिम वस्तुएं (b) पूंजीगत वस्तुएं
(c) उपभोग वस्तुएं (d) मध्यमवर्गी वस्तुएं

33. **भारत में सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम (Drought Prone Area Programme) किस पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान शुरू किया गया था?**
(a) छठी पंचवर्षीय योजना (b) चौथी पंचवर्षीय योजना
(c) पांचवीं पंचवर्षीय योजना (d) सातवीं पंचवर्षीय योजना

34. **भारत में, निम्न में से कौन सा संगठन धन की आपूर्ति की निगरानी करता है ?**
(a) वित्त आयोग (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) योजना आयोग (d) भारतीय रिजर्व बैंक

35. **भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के अधीन आने वाली चार कर दरें कौन सी है ?**
(a) 6%, 9%, 18% और 28%
(b) 5%, 12%, 18% और 28%
(c) 3%, 6%, 18% और 28%
(d) 6%, 12%, 17% और 28%

36. **केंद्र सरकार ने किस क्षेत्र के लिए ''संपदा योजना'' शुरू की?**
(a) खाद्य प्रसंस्करण (b) बालिका
(c) स्वास्थ्य (d) महिला सशक्तिकरण

37. **जवाहर रोजगार योजना का प्रारंभ कब हुआ?**
(a) 1 अप्रैल 1977 (b) 1 अप्रैल, 1998
(c) 1 अप्रैल, 2012 (d) 1 अप्रैल, 1989

38. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नमामि गंगे परियोजना कब शुरू की गयी थी?**
(a) जून 2015 (b) जुलाई 2014
(c) जुलाई 2015 (d) जून 2014

39. **पूर्ण कुंभ मेला कितने वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है?**
(a) हर 8 वर्ष में (b) हर 12 वर्ष में
(c) हर 6 वर्ष में (d) हर 4 वर्ष में

40. **भरतनाट्यम की उत्पत्ति किस राज्य में हुई थी?**
(a) केरल (b) गुजरात
(c) तमिलनाडु (d) ओडिशा

41. **इनमें से किस संगीत वाद्ययंत्र में कीबोर्ड होता है–**
(a) घटम (b) संतूर
(c) हारमोनियम (d) शहनाई

42. **इनमें से कौन सी पुस्तक डॉ. अब्दुल कलाम द्वारा लिखी गई?**
(a) रिबूटिंग इंडिया (b) इमेजिनिंग इंडिया
(c) अनटचेबल (d) द लाइफ ट्री

43. **अल्फ्रेड नोबेल पुरस्कार की स्थापना करने वाले अल्फ्रेड नोबेल ने किस चीज का आविष्कार किया?**
(a) कम्पास (b) डायनामाइट
(c) पेनिसिलिन (d) लाइट बल्ब

44. **यूनिसेफ (UNICEF) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
(a) वाशिंगटन डीसी (b) पेरिस
(c) ज्यूरिख (d) न्यूयॉर्क

45. **अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय कौन थे?**
(a) रविश मल्होत्रा (b) सुनीता विलियम्स
(c) राकेश शर्मा (d) कल्पना चावला

46. **RAW का पूरा अर्थ क्या है?**
(a) Regional Aviation Wing
(b) Research and Analysis Wing
(c) Royal Agency of Warsaw
(d) Read After Writing

47. **निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर की सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट का एक भाग है?**
(a) माउस (b) स्कैनर
(c) मेमोरी रजिस्टर (d) जॉयस्टिक

48. **एक.........कंप्यूटर स्क्रीन का सबसे छोटा प्रकाशित क्षेत्र है।**
(a) लेयर (b) एंगल
(c) पिक्सल (d) कैनवास

49. **नेटवर्क में संक्षिप्त संदेश, जो एक स्टेशन से दूसरी स्टेशन को जाता है, क्या कहलाता है?**
(a) टोकन (b) बाइट
(c) वर्ड (d) रिंग

50. **किस तरह की फाइल में .png एक्सटेंशन होता है?**
(a) इमेज फाइल
(b) ऑडियो फाइल
(c) डॉक्यूमेंट फाइल
(d) वीडियो फाइल

51. **निम्न में से कौन-सा विकल्प टेस्ला नामक SI व्युत्पन्न इकाई में मापा जाता है?**
(a) दीप्ति अभिवाह (b) चुंबकीय अभिवाह घनत्व
(c) प्रदीप्ति घनत्व (d) धारिता

52. **पानी के अंदर, ध्वनिक संकेतों का पता लगाने के लिए _____का उपयोग किया जाता है।**
(a) बोलोमीटर (b) पाइरोमीटर
(c) ऐमीटर (d) हाइड्रोफोन

53. **निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशि है?**
(a) विद्युत आवेश (b) विद्युतीय फ्लक्स
(c) विद्युत धारा (d) वैद्युत क्षेत्र

54. **किसी पिंड के संवेग को उसके निम्न के गुणनफल के रूप में परिभाषित किया जाता हैः**
(a) भार और वेग
(b) द्रव्यमान और लंबाई
(c) भार और चाल
(d) द्रव्यमान और वेग

55. **जल वाष्प के पुनः जल में रूपांतरण की प्रक्रिया हेतु निम्न में से किस शब्द का उपयोग किया जाता है?**
(a) संघनन (b) वाष्पीकरण
(c) हिमीकरण (d) ऊर्ध्वपातन

56. **किसी प्रोटॉन का निम्नलिखित में से कौन सा गुण किसी चुंबकीय क्षेत्र में मुक्त गति करते समय परिवर्तित नहीं होता?**
(a) गति (b) वेग
(c) संवेग (d) गति तथा वेग दोनों

57. **निम्नलिखित घरेलू वस्तुओं में से किन में सल्फ्यूरिक एसिड होता है?**
(a) टूथपेस्ट (b) सिरका
(c) बैटरी (d) मक्खन

58. **किस गैस को उसकी ठोस अवस्था में शुष्क बर्फ भी कहा जाता है?**
(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) हाइड्रोजन
(c) ऑक्सीजन
(d) नाइट्रोजन

59. **______ को विटीकल्चर (Viticulture) के रूप में जाना जाता है।**
(a) सब्जियां, फूल और फल उगाने
(b) मछली प्रजनन
(c) रेशमकीट का पालन करने
(d) अंगूर की खेती

60. **निम्नलिखित में से, कौन-से 'कोशिकाओं के आत्मघाती बैग' कहा जाता हैं?**
(a) लाइसोसोम्स (b) राइबोसोम्स
(c) डिक्टियोसोम्स (d) फैगोसोम्स

61. **निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने मटर के पौधों पर काम करते हुए वंशानुक्रम के मौलिक कानून की खोज की थी?**
(a) ग्रेगर मेंडल (b) जोनास ई. सॉल्क
(c) डेमीत्रि मेंडेलीव (d) जोसेफ़ प्रीस्टले

62. **..........किसान का मित्र कहा जाता है, यह जटिल कार्बनिक पदार्थों क टूटने के साथ-साथ मिट्टी को ढीला करने में मदद करता है।**
(a) वीड (b) टिड्डी
(c) चूहा (d) केंचुआ

63. **एक सर्वदाता का ब्लड ग्रुप क्या होता है?**
(a) B (b) AB
(c) A (d) O

64. **शाकाहारी जीव, खाद्य श्रृंखला में ...... पोषण-स्तर बनाते हैं।**
(a) तीसरा (b) दूसरा
(c) पहला (d) चौथा

65. **दिसम्बर 2024 में भारत में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन की टैगिंग कहां की गई ?**

(a) असम
(b) पश्चिम बंगाल
(c) उत्तर प्रदेश
(d) बिहार

66. बीटिंग रिट्रीट समारोह 2025 का आयोजन कब किया गया ?
(a) 29 जनवरी 2025
(b) 30 जनवरी 2025
(c) 1 फरवरी 2025
(d) 3 फरवरी 2025

67. सुबह के योग के दौरान जॉन पश्चिम दिशा की ओर सम्मुख है। वह 90^0 दक्षिणावर्त में घूम जाता है और फिर 270^0 वामावर्त में घूम जाता है। अब वह किस दिशा के सम्मुख है?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

68. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।
(शब्दों को अर्थपूर्ण अँग्रेजी/हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों की संख्या/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबद्ध नहीं किया जाना चाहिए।)
चावल : अनाज :: मसूर : ?
(a) अनाज/धान्य (b) दलहन
(c) स्टार्च (d) अंकुरित अनाज

69. नीचे एक ही पासे की तीन अलग-अलग स्थितियाँ दर्शायी गयी है। संख्या '2' को दर्शाने वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या होगी?



(a) 4 (b) 6
(c) 5 (d) 1

70. दी गई आकृति में कितने वर्ग हैं?



(a) 9 (b) 10
(c) 8 (d) 7

71. एक निश्चित कूट में 'BOSS' को '21967' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DEAL' को '19192414' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'GAIN' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) 16241612 (b) 16231612
(c) 16231512 (d) 16231611

72. एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।
QML, PRC, OWT, NBK, ?
(a) MGB (b) GMR
(c) MBG (d) GQR

73. जब एक सिक्के को एक बार उछाला जाता है, तो चित आने की संभावना क्या है?
(a) 1 (b) 1/2
(c) 2 (d) शून्य

74. यदि संख्याओं 33, x, 47, 83 और 109 का माध्य 67 है, तो 50, 64, 100, 126 और x का माध्य कितना होगा ?
(a) 84 (b) 81.8
(c) 80.6 (d) 80

75. बिंदु A (1,2), B (3,4) और C (4,1) एक ऐसे त्रिभुज के शीर्ष हैं, जो .... है।
(a) समद्विबाहु (b) समकोण
(c) समबाहु (d) विषमबाहु

76. यदि $\Delta ABC \sim \Delta DEF$ है और BC = 4 cm, EF = 5 cm और त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल 80 cm^2 है, तो त्रिभुज DEF का क्षेत्रफल______ है।
(a) 169 cm^2 (b) 125 cm^2
(c) 80 cm^2 (d) 144 cm^2

77. दो संख्याएँ 5: 7 के अनुपात में है। यदि प्रत्येक संख्या में 6 जोड़ दिया जाए, तो अनुपात 3: 4 हो जाता है। संख्याएँ ________ हैं।
(a) 55, 88 (b) 30, 42
(c) 10, 16 (d) 25, 40

78. दो पर्यटक बसें एक ही बिंदु से प्रस्थान करती हैं और समकोण बनाती है, दो सड़कों पर क्रमशः 48 km/h और 36 km/h की चाल से चलती है। 15 सेकंड बाद बसों के बीच की दूरी कितनी होगी?
(a) 150m (b) 350m
(c) 250m (d) 175m

79. बराबर आयतन वाले तीन घनों के सिरे सटाकर आपस में जोड़ा जाता है। यदि घन का विकर्ण $6\sqrt{3}$ cm है, तो परिणामी घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
(a) 504 cm^2 (b) 512 cm^2
(c) 516 cm^2 (d) 509 cm^2

80. $\sqrt{\frac{1+\sin A}{1-\sin A}}$ = _______होगा।
(a) secA (b) secA + tanA
(c) secA - tanA (d) coescA - cotA

81. Select the INCORRECTLY spelt word.
(a) Dictate
(b) Decision
(c) Difference
(d) Dictionery

82. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Loathe
(a) Detest (b) Admire
(c) Despise (d) Abhor

83. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
Eighty rupees are / too much for / this leather bag, / which is looking so old.
(a) too much for
(b) Eighty rupees are
(c) which is looking so old
(d) this leather bag

84. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Beneath
(a) Above (b) Beyond
(c) Under (d) Below

85. Select the most appropriate option to fill in the blank.
The new employee said that he was ______ of doing the job well.
(a) confident (b) efficient
(c) diffident (d) sufficient

86. Select the most appropriate synonym of the given word.
Competent
(a) Comparable (b) Comfortable
(c) Compatible (d) Capable

87. Select the most appropriate meaning of the given idiom.
Blow a fuse
(a) To feel sick
(b) To react very angrily
(c) To feel tired
(d) To work hard aimlessly

88. The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.
Unless you don't / work hard, / you will fail.
(a) you will fail
(b) Unless you don't
(c) work hard
(d) No error

89. Select the INCORRECTLY spelt word.
(a) Future
(b) Flavure
(c) Leisure
(d) Figure

90. Select the most appropriate option that can substitute the underlined word in the given sentence.
When you give away a secret or an advantage, you reveal a secret or <u>suspension</u> that you should have kept to yourself.
(a) dereliction (b) revolution
(c) benediction (d) information

91. 'साहचर्य' का विलोम शब्द है –
(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव

92. 'प्रामाणिक' शब्द के मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है
(a) प्रमाण + ईक (b) प्रमाण + इक
(a) प्रा : माणिक (b) प्रमा + आणिक

93. 'यद्यपि' का सन्धि विच्छेद है?
(a) यदि + अपि (b) यद्य + पि
(c) यद् + अपि (d) य + अपि

94. खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए दी जाती है –
(a) स्वल्पाहार (b) पथ्य
(c) पाथेय (d) उपाहार

95. 'जो क्षमा करने योग्य नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–
(a) अदम्य (b) अक्षम्य
(c) निर्गुण (d) सक्षम

96. कौन–सा जोड़ा समरूपी भिन्नार्थक है?
(a) अवधि – अवधी (b) अनुचर – नौकर
(c) आदि – अन्त (d) अभिनय – नाटक

97. 'अंक' शब्द के अनेकार्थी शब्द-समूह का चयन कीजिए-
(a) अंग, गोदी, हिस्सा (b) गोद, संख्या, अध्याय
(c) संख्या, भाग, टुकड़ा (d) अध्याय, समय, अवस्था

98. एक का अर्थ 'घोड़ा' है
(a) तुरंग (b) तुरन्त
(c) तुरई (d) तरंग

99. 'समीर' का पर्यायवाची है
(a) जल (b) हवा
(c) तूफान (d) आँधी

100. ''आटे-दाल का भाव मालूम होना'' मुहावरे का उचित अर्थ पहचानिये।
(a) मुसीबत में पड़ना
(b) कंगाल होना
(c) घर में राशन लाना
(d) कष्ट का अनुभव होना

SOLUTION : PRACTICE SET- 1

ANSWER KEY

1. (c)	11. (b)	21. (d)	31. (a)	41. (c)	51. (b)	61. (a)	71. (b)	81. (d)	91.(d)
2. (d)	12. (b)	22.(c)	32.(c)	42. (d)	52. (d)	62. (d)	72. (a)	82. (b)	92.(b)
3. (c)	13. (c)	23. (b)	33. (b)	43. (b)	53. (d)	63. (d)	73. (b)	83. (b)	93.(a)
4. (a)	14. (d)	24. (b)	34. (d)	44. (d)	54.(d)	64. (b)	74. (c)	84. (a)	94.(c)
5. (d)	15. (c)	25. (c)	35. (b)	45. (c)	55. (a)	65.(a)	75. (a)	85. (a)	95.(b)
6. (d)	16. (c)	26. (c)	36. (a)	46. (b)	56. (a)	66.(a)	76.(b)	86. (d)	96.(a)
7. (c)	17. (a)	27. (d)	37. (d)	47. (c)	57. (c)	67.(a)	77.(b)	87. (b)	97.(b)
8. (d)	18. (a)	28. (c)	38. (b)	48. (c)	58. (a)	68. (b)	78. (c)	88. (b)	98.(a)
9. (a)	19. (d)	29. (b)	39. (b)	49. (a)	59. (d)	69. (a)	79. (a)	89. (b)	99.(b)
10. (c)	20. (d)	30. (b)	40. (c)	50. (a)	60. (a)	70. (a)	80.(b)	90. (d)	100.(d)

SOLUTION

1. (c)
भारत एक गणतान्त्रिक देश है। गणतन्त्र एक ऐसा देश होता है, जहाँ के शासन तन्त्र में सैद्धान्तिक रूप से देश के सर्वोच्च पद पर आम जनता में से कोई भी व्यक्ति पदासीन हो सकता है। गणतन्त्र की अवधारणा फ्रांस से अभिप्रेरित है।

2. (d)
भारत के संविधान के लागू होने के समय इसमें मूलतः एक प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूची तथा 22 भाग थे।

3. (c)
एक लोकतांत्रिक राज व्यवस्था को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है– राजशाही और गणतंत्र। राजशाही व्यवस्था में राज्य का प्रमुख (आमतौर पर राजा या रानी) उत्तराधिकारिता के माध्यम से पद पर आसीन होता है, जैसा कि ब्रिटेन में। वही गणतंत्र में राज्य प्रमुख हमेशा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से एक निश्चित समय के लिए चुनकर आता है, जैसे– अमेरिका, भारत।

4. (a)
राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों की अनुपस्थिति में भारत के राष्ट्रपति का कार्यभार सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश कार्यवाहक के रूप में संभालता है। अगर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी न उपस्थित हो तो सर्वोच्च न्यायालय का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश राष्ट्रपति के कार्यभार को संभालेगा। तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के निधन के बाद न्यायमूर्ति एम. हिदायतुल्ला कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने वाले एकमात्र मुख्य न्यायाधीश हैं।

5. (d)
भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2017 भारत में केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पेश किया गया था। ध्यातव्य है कि जुलाई 2018 में इस विधेयक को संसद द्वारा पारित कर दिया गया है।

6. (d)
प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने संसद सत्र का सामना नहीं किया। इनका कार्यकाल 28.07.1979-14.01.1980 तक रहा। चौधरी चरण सिंह भारत के प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और दो बार उ.प्र. के मुख्यमंत्री भी रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के 5वें प्रधानमंत्री थे। ये जनता दल से थे।

7. (c)
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 360 के अनुसार, राष्ट्रपति को ऐसा संज्ञान होने पर कि भारत या उसके किसी भाग में वित्तीय साख का खतरा पैदा हो गया है, तो वह वित्तीय आपात की उद्घोषणा कर सकता है। अनुच्छेद-148 में भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक,अनुच्छेद-143 उच्चतम न्यायालय का परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार तथा अनुच्छेद-72 राष्ट्रपति के क्षमादान शक्ति से संबंधित है।

8. (d)
भारतीय संविधान के अनु. 76 के तहत भारत के महान्यायवादी की नियुक्त भारत के राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। महान्यायवादी भारत सरकार का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है। यह न तो संसद का सदस्य होता है और न ही मंत्रिमंडल का सदस्य लेकिन उसे संसद के किसी भी सदन में बोलने का अधिकार प्राप्त है। (अनु. 88) जबकि अनु.–165 में राज्य में महाधिवक्ता की व्यवस्था की गई है।

9. (a)
भारत में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन 22 दिसम्बर 1953 को न्यायमूर्ति फजल अली की अध्यक्षता में किया गया। इस आयोग के तीन सदस्य-न्यायमूर्ति फजल अली, हृदयनाथ कुंजरू और के. एम. पणिक्कर थे। इस आयोग ने 1955 में अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसके आधार पर वर्ष 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम संसद में पारित हुआ। इस अधिनियम के तहत 14 राज्य और 6 केन्द्रशासित प्रदेश बनाए गए।

10. (c)
आकाशगंगा की निकटतम स्पाइरल गैलेक्सी एंड्रोमेडा (देवयानी) गैलेक्सी है। एंड्रोमेडा सर्पिलाकार तारापुंज है, जिसे M31 के रूप में भी जाना जाता है तथा इसमें लगभग एक ट्रिलियन तारें विद्यमान है।

11. (b)
शुक्र ग्रह, सूर्य से दूसरा सबसे नजदीक का ग्रह है। इस ग्रह का नाम प्रेम और सौन्दर्य की रोमन देवी के नाम पर शुक्र (Venus) रखा गया है। चन्द्रमा के बाद यह रात्रि में सबसे चमकीला पिंड है। यह सौर मण्डल का सबसे गर्म ग्रह है क्योंकि इसके वायुमण्डल में कार्बन-डाईऑक्साइड की मात्रा (90-95 प्रतिशत के लगभग) सबसे अधिक है। इसे 'पृथ्वी की बहन' भी कहते हैं।

12. (b)
ग्लोब पर विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा सबसे लम्बी अक्षांश रेखा है तथा 90º उत्तरी अथवा दक्षिणी अक्षांश रेखा सबसे छोटी अक्षांश रेखा है। विषुवत रेखा के उत्तर तथा दक्षिण में ध्रुवों की ओर जाने पर अक्षांश रेखाओं की लम्बाई घटती जाती है। 90º उत्तरी अथवा दक्षिणी अक्षांश रेखा एक बिन्दु के रूप में देखी जाती है। भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में विभाजित करती है। भूमध्य रेखा 0^0 अक्षांश है।

13. (c)
विश्व में सर्वाधिक खारे पानी की झील तुर्किए की वॉन झील है। जिसकी लवणता 333 ‰ आँकी गई है तथा मृत सागर का स्थान दूसरा है जिसकी लवणता 238 ‰ है। विकल्प में वॉन झील न होने के कारण मृत सागर सर्वाधिक खारे पानी की झील होगी।

14. (d)
भारत देश का सबसे दक्षिणतम बिन्दु इन्दिरा प्वाइंट है जो निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। इस बिन्दु को पहले पिग्मेलियन प्वाइंट कहा जाता था। प्रायद्वीपीय भारत का सबसे दक्षिणी बिन्दु तमिलनाडु में केप कोमोरिन (कन्याकुमारी), सबसे पूर्वी बिन्दु किबिथू (अरूणाचल प्रदेश), सबसे पश्चिमी बिन्दु, गुहार मोती (गुजरात) तथा सबसे उत्तरी बिन्दु इन्दिरा कोल (लद्दाख) है।

15. (c)
भारत में विस्तृत ट्रांस हिमालय के बाहर पूर्वी विस्तार को कैलाश पर्वत कहते है। जिसका विस्तार तिब्बत में है। अतः यह तिब्बत में स्थित एक पर्वतश्रेणी है। इसके पश्चिम में मानसरोवर तथा दक्षिण में राकसताल झील स्थित है। जिनसे, सिंधु, सतलज, ब्रह्मपुत्र जैसी महत्वपूर्ण नदियाँ निकलती है।

16. (c)
ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती हैं। ब्रह्मपुत्र नदी का उद्‌गम स्थल मानसरोवर झील है। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत से भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती हैं। असम घाटी से ब्रह्मपुत्र बांग्लादेश में प्रवेश करती है जहां इसे जमुना कहा जाता है। इसकी लम्बाई लगभग 2900 किमी. है।

17. (a)
वर्गीज कुरियन का जन्म 26 नवम्बर, 1921 ई. को कोझीकोड, केरल में हुआ था। इन्हें भारत में श्वेत क्रांति का जनक माना जाता है तथा ये 'मिल्कमैन ऑफ इण्डिया' के नाम से भी मशहूर है। इन्हें रेमन मैग्सेसे, पद्म विभूषण आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। 1949 ई. में इन्होंने अमूल डेयरी में प्रबन्ध निदेशक के तौर पर कार्य करना प्रारम्भ किया।

18. (a)
राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (NH 48) का विस्तार दिल्ली से चेन्नई तक है। यह भारत के सात राज्यों से होकर गुजरता है। इसकी कुल लम्बाई 2807 कि.मी. है।

19. (d)
बोधिसत्व बौद्ध मत के महायान संप्रदाय का आदर्श एवं केंद्रीय संकल्पना है। पारम्परिक रूप से महान दया से प्रेरित, बोधिचित्त जनित सभी संवेदनशील प्राणियों को लाभ के लिए सहज इच्छा से बुद्धत्व प्राप्त करने वाले को बोधिसत्व माना जाता है।

20. (d)
मुद्राराक्षस की रचना विशाखदत्त ने चौथी शताब्दी ई. में की थी। इस ग्रन्थ से मौर्य इतिहास, मुख्यत: चन्द्रगुप्त मौर्य के जीवन पर प्रकाश पड़ता है। इसमें चन्द्रगुप्त मौर्य को 'वृषल' तथा 'कुलहीन' कहा गया है।

21. (d)
'राजतरंगिणी',कल्हण द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रन्थ हैं। इसमें कश्मीर का इतिहास वर्णित है जो महाभारत की शैली पर आधारित है। इसकी रचना 12वीं शताब्दी के आस-पास मानी जाती है। राजतरंगिणी में कुल आठ तरंग है। इसके प्रथम तीन तरंग में राजवंशों की सूची दी गयी है।

22.(c)
अजंता की गुफाएं महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है। इन गुफाओं को 1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था। इन गुफाओं में बौद्ध धर्म से संबंधित चित्रण एवं शिल्पकारी के उत्कृष्ट नमूने मिलते हैं। अजंता की गुफाओं का निर्माण वाकाटक शासकों मुख्यतः हरिसेन के संरक्षण में हुआ। इसमें कुल 29 गुफाएँ हैं।

23. (b)
किताब-उल-हिन्द या तहकीके-ए-हिंद ग्रंथ के लेखक अलबरूनी है। यह अरबी भाषा में लिखी गई पुस्तक है। यह पुस्तक 11वीं शताब्दी की भारतीय सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जानकारी का प्रमुख स्रोत है। अलबरूनी प्रथम मुस्लिम था, जिसने संस्कृत सीखा तथा गीता एवं पुराणों का अध्ययन किया। अलबरूनी गीता से बहुत प्रभावित था। अलबरूनी महमूद गजनवी के साथ भारत आया था।

24. (b)
कुतुब मीनार का निर्माण गुलाम वंश के शासक कुतुबु-उद-दीन ऐबक ने सन् 1193 में सूफी संत कुतुबुद्दीन बख्तियार की स्मृति में आरम्भ करवाया और अपने शासनकाल में एक ही मंजिल का निर्माण करवा पाया। उसकी मृत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारी इल्तुतमिश ने इसमें तीन मंजिलों का निर्माण के साथ इसे पूर्ण किया। इसके उपरान्त तुगलक शासक फिरोज शाह तुगलक के शासनकाल में प्राकृतिक दुर्घटना में चौथी मंजिल ढह जाने पर उसने पुनः चौथी और पाँचवी (अतिरिक्त मंजिल) का निर्माण 1368 ई. में करवाया। यह मीनार लाल बलुआ पत्थर से बनायी गयी है। दिल्ली स्थित यह मीनार ईंट से बनी विश्व की सबसे ऊँची मीनार है। इसकी ऊँचाई 72.5 मीटर है। कुतुबमीनार को 1993 में यूनेस्कों की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया।

25. (c)
शेरशाह सूरी का मकबरा बिहार के सासाराम में स्थित है। शेरशाह ने अपने जीवन काल में अपने मकबरे का निर्माण सोन नदी के तट पर करवाया। यह मकबरा अष्टकोणीय है तथा एक झील के बीच में निर्मित है। शेरशाह की मृत्यु कालिंजर के घेरे के दौरान 1545 ई. में गोला फटने से हुई थी।

शासक		**मकबरा का स्थान**
बाबर	–	काबुल
हुमायूँ	–	दिल्ली
अकबर	–	सिकन्दरा (आगरा)
जहाँगीर	–	शाहदरा (लाहौर)
शाहजहाँ	–	आगरा
औरंगजेब	–	औरंगाबाद
सलीम चिश्ती	–	फतेहपुर सीकरी

26. (c)
अहमद शाह अब्दाली भारत में एशियाई देश अफगानिस्तान से आया था। अहमद शाह ने भारत पर प्रथम आक्रमण 1748 में पंजाब पर किया जो असफल रहा। उसने 1757 में दिल्ली पर विजय प्राप्त की। अहमदशाह अब्दाली एवं मराठों के मध्य प्रसिद्ध पानीपत का तीसरा युद्ध 14 जनवरी, 1761 में हुआ जिसमें मराठे पराजित हुए।

27. (d)
अकबर द्वारा निर्मित 'पंच महल', 'फतेहपुर सीकरी' में स्थित है। यह पिरामिड आकार में बना है इसे 'हवा महल' भी कहा जाता है। अकबर द्वारा निर्मित अन्य स्थल आगरा का किला, बुलंद दरवाजा, मरियम-उज़-ज़मानी पैलेस,इलाहाबाद का किला आदि है।

28. (c)
भारत में पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर कब्जा 1510 ई. में किया गया था। पुर्तगाली वायसराय अलफांसो-दी-अल्बुकर्क ने 1510 ई. में बीजापुर के सुल्तान यूसुफ आदिल शाह को हराकर गोवा को अपने कब्जे में कर लिया था तथा गोवा को पुर्तगाली व्यापार का केन्द्र बनाया।

29. (b)
1857 की क्रांति के प्रमुख नेतृत्वकर्ता-

नाम	-	**नेतृत्व स्थान**
तात्या टोपे	-	कानपुर
बेगम हजरत महल	-	लखनऊ
कुँवर सिंह	-	आरा (बिहार)
नाना साहब	-	कानपुर
रानी लक्ष्मी बाई	-	झाँसी

30. (b)
मुस्लिम लीग की स्थापना नवाब सलीमुल्ला के नेतृत्व में 30 दिसम्बर, 1906 ई. को ढाका (बांग्लादेश) में हुई थी।

मुस्लिम लीग के 1908 ई. में हुये अमृतसर अधिवेशन (तीसरा अधिवेशन) में मुसलमानों के लिये 'पृथक निर्वाचक-मण्डल' की माँग की गयी, जिसे 1909 ई. में 'मार्ले-मिंटो सुधारों' द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

31. (a)
वर्ष 1870 में प्रसिद्ध मेयो प्रस्ताव ने स्थानीय संस्थाओं की शक्तियों और उत्तरदायित्वों में वृद्धि कर उनके विकास को गति दी। मेयो द्वारा उठाए गये कदमों का अनुसरण करते हुए लार्ड रिपन द्वारा वर्ष 1882 में इन स्थानीय संस्थाओं को लोकतांत्रिक ढाँचा प्रदान किया गया।

32.(c)
उपभोग वह आर्थिक क्रिया है जिसमें व्यक्तिगत तथा सामूहिक आवश्यकताओं की सन्तुष्टि के लिए वस्तुओं और सेवाओं की उपयोगिता का उपभोग किया जाता है। खाद्य पदार्थ, वस्त्र जैसे उत्पाद एवं मनोरंजन जैसी सेवाओं को उनके अन्तिम उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे जाने पर वस्तुओं को उपभोग वस्तुएँ कहा जाता है। उपभोग वस्तुएँ, जिन्हें अन्तिम वस्तुओं के रूप में भी जाना जाता है।

33. (b)
भारत में सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम केन्द्र सरकार द्वारा 1973-74 में चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान शुरू किया गया था। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन है। इसके तहत सूखा ग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई परियोजनाओं, भूमि विकास कार्यक्रम, वनीकरण एवं चारागाह विकास इत्यादि कार्यक्रम चलाये गये।

34. (d)
भारतीय रिजर्व बैंक धन की आपूर्ति की निगरानी करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) देश का केन्द्रीय बैंक है। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को बैंकिग विनियमन अधिनियम, 1934 के तहत 5 करोड़ रूपए की शुरूआती धनराशि के साथ की गई थी। 1 जनवरी, 1949 को भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक का कार्य :- नोट जारी करना : भारतीय रिजर्व बैंक के पास देश में नोट छापने का एकाधिकार है।

भारत सरकार का बैंक :-भारतीय रिजर्व बैंक का कार्य भारत सरकार और राज्यों के बैंक एजेंट सलाहकार के रूप में कार्य करना। यह राज्य और केन्द्र सरकार के सभी बैंकिग कार्य करता है।

बैंकों का बैंक :- भारतीय रिजर्व बैंक देश के सभी वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है। क्रेडिट का नियंत्रण, विदेशी मुद्रा भण्डार का संरक्षण आदि RBI प्रमुख के कार्य हैं।

35. (b)
1 जुलाई, 2017 को वस्तु एवं सेवाकर की व्यवस्था भारत में लागू की गयी। इस व्यवस्था के तहत केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा आरोपित अप्रत्यक्ष करों की जगह सिर्फ एक राष्ट्रव्यापी अप्रत्यक्ष कर की व्यवस्था की गई है। जीएसटी के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर की चार प्रकार की दरों को स्वीकृत किया गया है- 5%, 12%, 18%, 28%

36. (a)
प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की शुरुआत अगस्त 2017 में की गई। इस योजना का उद्देश्य कृषि का आधुनिकीकरण करना तथा फसल बर्बादी को कम करना है। इस योजना का कार्यान्वयन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य फार्म गेट से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढाँचा तैयार करना है।

37. (d)
जवाहर रोजगार योजना 1 अप्रैल, 1989 को प्रारम्भ हुई जिसका मुख्य लक्ष्य मुख्यतः गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को 90 से 100 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराना है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना तथा भूमिहीन ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना को समायोजित कर चलायी गयी थी।

38. (b)
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नमामि गंगे परियोजना को जुलाई 2014 ई. में शुरू किया गया। इस योजना का उद्देश्य गंगा नदी को पूरी तरह साफ कर स्वच्छ बनाना है। इस योजना पर 20,000 करोड़ रु. खर्च होने का अनुमान है। गंगा एक्शन प्लान राजीव गांधी द्वारा 1985–86ई. में शुरू किया गया था।

39. (b)
कुम्भ पर्व हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। जिसका आयोजन भारत के चार स्थलों हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन व नासिक में किया जाता है। पूर्ण कुम्भ मेला का आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष में किया जाता है।

40. (c)
भरतनाट्यम तमिलनाडु में देवदासियों द्वारा विकसित व प्रसारित किया गया था। भरतनाट्यम को सबसे प्राचीन नृत्य माना जाता है। पहले इसे सादिर, दासी अट्टम और तन्जावुरनाट्यम के नाम से जाना जाता था। भरतनाट्यम की तकनीक में हाथ, पैर, मुख व शरीर संचालन के समन्वय के 64 सिद्धांत है, जिनका निष्पादन नृत्य पाठ्यक्रम के साथ किया जाता है।

41. (c)
हारमोनियम, एक संगीत वाद्ययंत्र है जिसमें कीबोर्ड संलग्न होता है।

42. (d)
'द लाइफ ट्री' पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम द्वारा लिखी गई एक पुस्तक है। यह किताब 26 कविताओं की एक दुर्जेय व्याख्या है जो एक ही समय में निजी और सार्वजनिक रहा है। यह किताब 2005 में आयी थी। विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020, टर्निंग ज्वाइंटस आदि अब्दुल कलाम के द्वारा लिखित अन्य पुस्तकें हैं।

43. (b)
अल्फ्रेड नोबेल स्वीडन निवासी रसायन शास्त्री तथा इंजीनियर थे। इन्होंने डायनामाइट नामक प्रसिद्ध विस्फोटक का आविष्कार किया था। इन्हीं के नाम पर प्रतिष्ठित नोबल पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

44. (d)
यूनिसेफ का मुख्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयार्क शहर में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर, 1946 को की गई थी। पहले इसे संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष कहा जाता था। यूनिसेफ का निर्माण द्वितीय विश्व युद्ध में तबाह हुए देशों के बच्चों और महिलाओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना था। 1950 में इसके दायरे को विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घ कालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए विस्तारित किया गया। यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इन्दिरा गाँधी शाँति पुरस्कार और वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड मिला था।

45. (c)
अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय राकेश शर्मा थे। इनका जन्म 13 जनवरी, 1949 को पटियाला (पंजाब) में हुआ था। सन् 1984 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन तथा सोवियत संघ के सोयुज टी-11 अंतरिक्ष अभियान के तहत दो अंतरिक्ष यात्रियों यूरी मालिशेव और गेनादी स्ट्रेकालोव के साथ गये थे। वे भारत के पहले तथा विश्व के 138वें अन्तरिक्ष में जाने वाले व्यक्ति थे। इन्हें भारत सरकार द्वारा 'अशोक चक्र' से सम्मानित किया गया था।

46. (b)
'RAW' रिसर्च एण्ड एनॉलिसिस विंग (Research and Analysis wing) का संक्षिप्त रूप है। यह भारत की प्रमुख खुफिया एजेंसी है। इस एजेंसी की स्थापना 21 सितम्बर, 1968 में की गयी। इस एजेंसी का मुख्यालय नई दिल्ली में है। वर्तमान में 'RAW' के प्रमुख रवि सिन्हा है। इसका मोटो-"धर्मो रक्षति रक्षितः" (The Law Protects when it is protected) है।

47. (c)
CPU का पूरा नाम Central Processing Unit है जो पीसी से जुड़े विभिन्न उपकरणों को नियंत्रित करता है। यह कंप्यूटर द्वारा प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करता है। इसके निम्नलिखित भाग हैः–

- **अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU)–** इसका उपयोग अंकगणितीय तथा तार्किक गणना में होता है।
- **कंट्रोल यूनिट (CU) –** यह कंप्यूटर के सारे कार्यो को नियंत्रित करता है तथा इनपुट, आउटपुट, डिवाइसेज, प्रोसेसर इत्यादि का तालमेल बैठाता है।
- **मेमोरी यूनिट –** यह डेटा तथा निर्देशों के संग्रह करने मे प्रयुक्त होता है। इसे मुख्यतः दो वर्गो प्राइमरी तथा सेकेंडरी मेमोरी में विभाजित करते है।

48. (c)
पिक्सेल शब्द Picture (Pix) और Element (Ex) से मिलकर बना है। पिक्सेल वह छोटा सा छोटा बिन्दु है जिससे मिलकर कोई डिस्प्ले या स्क्रीन बना होता है। पिक्सेल तस्वीर का एक छोटा सा नियंत्रण किया जा सकने वाला हिस्सा है जो उसे स्क्रीन पर चित्रित करता है। हर एक पिक्सेल की प्रबलता अलग-अलग होती है। कोई भी स्क्रीन ऐसे ही लाखों या करोड़ों पिक्सेल को प्रति इंच में जोड़कर बनायी जाती है।

49. (a)
नेटवर्किंग सिस्टम में संक्षिप्त संदेश जो एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन को जाता है उसे टोकन कहते हैं। टोकन (संकेत) बिट्स की शृंखला होती है जो नेटवर्क रिंग में प्रवाहित होती रहती है। यदि किसी नेटवर्क सिस्टम के पास टोकन है तो वह दूसरे कम्प्यूटर पर सूचना भेज सकता है। चूँकि एक नेटवर्क शृंखला के पास केवल एक ही टोकन होता है इसलिए एक समय में केवल एक कम्प्यूटर ही सूचना भेज सकता है।

50. (a)
फाइल एक्सटेंशन एक आइडेंटिफायर है जो कम्प्यूटर फाइल के नाम के अन्त में एक प्रत्यय के रूप में उपयोग किया जाता है। .png का उपयोग इमेज फाइल के लिए किया जाता है।

51. (b)
टेस्ला नामक SI व्युत्पन्न इकाई में "चुंबकीय अभिवाह घनत्व" को मापा जाता है। कुछ अन्य इकाईयाँ जैसे- ओम SI इकाई में विद्युतीय प्रतिरोध को तथा वेबर SI इकाई में भी चुंबकीय अभिवाह को मापा जाता है।

एक टेस्ला एक वेबर प्रति वर्ग मीटर के बराबर होता है। ध्यातव्य है कि टेस्ला द्वारा ही चक्रीय चुम्बकत्व क्षेत्र के सिद्धान्त की खोज की गई थी तथा इसने ही प्रत्यावर्ती धारा वाले विद्युत मोटर का भी आविष्कार किया था।

52. (d)
हाइड्रोफोन एक वैज्ञानिक उपकरण है। यह पानी के अंदर ध्वनि तरंगों का पता लगाने में उपयोग किया जाता है।

बोलोमीटर - उष्मीय विकिरण मापने में
पायरोमीटर - दूर स्थित वस्तुओं के उच्च ताप को ज्ञात करने में
ऐमीटर - विद्युत धारा को एम्पियर में मापने के लिए

53. (d)
इलेक्ट्रिक फील्ड (वैद्युत क्षेत्र) सदिश राशि है। तथा वैद्युत आवेश, इलेक्ट्रिक फ्लक्स, वैद्युतधारा ये सभी अदिश राशियाँ है।

54.(d)
किसी वस्तु के द्रव्यमान तथा वेग के गुणनफल को उस वस्तु का संवेग कहते है। संवेग (P) = द्रव्यमान (m) × वेग (v), यह एक सदिश राशि है। इसका S.I. मात्रक किग्रा. मी./से. है।

55. (a)
संघनन (Condensation)–जलवाष्प के पुनः जल में बदलने की प्रक्रिया को संघनन कहते है। इसके चार रूप होते है–ओस, तुषार, कोहरा, बादल। उर्ध्वपातन वह प्रक्रिया है जिसके तहत कोई पदार्थ अपनी ठोस अवस्था से सीधे गैसीय अवस्था में बदल जाता है।

56. (a)
प्रोटॉन परमाणु नाभिक में पाया जाने वाला स्थायी कण है। जिस पर 1.6×10^{-19} कूलॉम का धनावेश होता है। किसी चुंबकीय क्षेत्र में गति करते समय प्रोटॉन की गति में कोई परिवर्तन नहीं होता है। ध्यातव्य है कि प्रोटॉन की खोज 1919 ई. में गोल्डस्टीन ने की परन्तु इस कण का नाम प्रोटॉन रदरफोर्ड ने दिया। इसका उपयोग तत्वान्तरण (Transmutation of elements) में होता है।

57. (c)
गन्धक का अम्ल (सल्फ्यूरिक ऐसिड) एक तीव्र अकार्बनिक अम्ल है। सल्फ्यूरिक एसिड का प्रयोग अनेक उद्योगों में होता है। जिनमें से निम्न प्रमुख हैं–
(1) उर्वरक उद्योग में
(2) पेट्रोलियम तथा खनिज तेल के परिष्कारण में
(3) कृत्रिम तंतुओं जैसे रेयॉन के निर्माण या संश्लेषण में
(4) पेंट, वर्णक, रंजक इत्यादि के निर्माण में
(5) बैटरी बनाने में (लेड एसिड बैटरी)
(6) औषधियों में
इस प्रकार बैटरी में सल्फ्यूरिक अम्ल का प्रयोग होता है।

58. (a)
कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) ठोस अवस्था में शुष्क होती है। यह एक रंगहीन, गंधहीन गैस है जो पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक होती है। वायुमंडल में यह 0.03% पायी जाती है। शुष्क बर्फ (ठोस कार्बनडाई ऑक्साइड) का प्रथम अवलोकन 1835 ई. में फ्रांसीसी आविष्कारक एड्रियन-जीन-पियर-थिलोरियर ने किया था।

59. (d)

अंगूर की खेती	-	विटीकल्चर
मधु-मक्खी पालन का अध्ययन	-	एपीकल्चर
रेशम कीट पालन	-	सेरीकल्चर
मछली पालन	-	पिसीकल्चर
सब्जी की खेती	-	ओलेरीकल्चर
फलों की खेती	-	पोमोलॉजी
फूलों की खेती	-	फ्लोरीकल्चर
फलों एवं सब्जियों का अध्ययन	-	हॉर्टिकल्चर

60. (a)
लाइसोसोम की खोज क्रिश्चियन डी. ड्यूव (Christian de Duve) ने 1959 में की थी। यह एक सूक्ष्म कोशिकांग है। इसका आकार थैली की तरह होता है इसमें ऐसे एंजाइम होते हैं। जिनमें जीव द्रव्य को घुला देने या नष्ट कर देने की क्षमता होती है। कोशिकीय उपापचय में व्यवधान के कारण जब कोशिका क्षतिग्रस्त हो जाती है तो लाइसोसोम फट जाता है इसमें मौजूद एन्जाइम अपनी ही कोशिका को पाचित कर देते है। इसके परिणाम स्वरूप कोशिका की मृत्यु हो जाती है। अतः इसे आत्महत्या की थैली भी कहा जाता है।

61. (a)
ग्रेगर जॉन मेण्डल ने 1856 से 1863 तक मटर के पौधों पर संकरण के बहुत से प्रयोग किये तथा वंशानुक्रम के मौलिक नियम की खोज की। मेण्डल ने निष्कर्ष निकाला कि वंशागति की इकाई तरल द्रव न होकर ठोस द्रव है। इस इकाई को मेण्डल ने कारक कहा किन्तु अब इसे जीन कहते हैं। मेण्डल ने आनुवंशिकी के तीन नियम दिये–

1. **विसंयोजन नियम–** लक्षण विशेष प्रथम पीढ़ी में छिप जाने पर भी बाद की पीढ़ियों में प्रकट हो जाते है।
2. **स्वतंत्र अपव्यूहन नियम–** दो या अधिक लक्षणों के जोड़ों के संकरण में प्रत्येक जोड़ा कारक स्वतंत्र रूप से स्थानातंरित होता है।
3. **प्रभाविकता का नियम–** यदि कोई दो कारक हो और वह दोनों समान न हो तो उनमें से एक कारक दूसरे पर आसानी से प्रभावी हो जायेगा।

62. (d)
केंचुआ ऐनेलिडा जाति (फाइलम) से संबंधित है। इसे किसान का मित्र कहा जाता है। यह एक ऐसा जीव है, जो किसी भी जैविक खेती करने वाले किसान को खाद बनाने के लिए आवश्यक है। क्योंकि केंचुआ जब किसी जैविक अवशेष या जैविक सामग्री को यह खाता है तो उस जैविक सामग्री को जैविक खाद में बदल देता है। जो किसान के लिए उसकी खेती में बहुत लाभदायक है।

63. (d)
रक्त समूह 'O' को सर्वदाता रक्त समूह कहा जाता है। मानव रक्त का वर्गीकरण **कार्ल लैण्डस्टीनर** ने किया था। इनके अनुसार मानव रक्त के निर्धारक उनके एण्टीजन होते हैं। एण्टीजन दो प्रकार के होते हैं। एण्टीजन की अनुपस्थिति में रक्त प्लाज्मा में एक विपरीत प्रकार की प्रोटीन, जिसे एण्टीबॉडी कहते हैं पायी जाती है। रक्त आधान करते समय एण्टीजन और एण्टीबॉडी समान नहीं रखा जाता क्योंकि समान एण्टीजन व एण्टीबॉडी रक्त को नष्ट कर देते हैं। O सर्वदाता रक्त समूह है क्योंकि रक्त समूह 'O' में कोई एण्टीजन नहीं होता। रक्त समूह 'AB' को सर्वग्राही कहा जाता है क्योंकि AB रक्त समूह में कोई एण्टीबॉडी नहीं होती।

64. (b)

खाद्य शृंखला में प्रत्येक जीव एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं इसलिए खाद्य शृंखला को डोमिनो प्रभाव भी कहते हैं। खाद्य शृंखला को मुख्यतः 3 भागों में बाँट सकते हैं- (1) उत्पादक- जो शृंखला के निचले भाग में पौधे आते हैं। (2) प्राथमिक उपभोक्ता-जो शाकाहारी पौधे और कीड़ों से पोषण करते हैं (3) द्वितीय उपभोक्ता-ये उत्पादक तथा शाकाहारी पर आश्रित होते है।

65.(a)

दिसम्बर 2024 में गंगा नदी डॉल्फिन के संरक्षण एवं सवंर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं असम वन विभाग ने मिलकर असम में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन की उपग्रह टैगिंग की है।

66.(a)

बीटिंग रीट्रीट समारोह का आयोजन 29 जनवरी को किया जाता है। यह गणतन्त्र दिवस समारोह (26 जनवरी) की आधिकारिक समाप्ति को दर्शाता है। इसमें तीनों सेनाओं के बैंड शामिल होते हैं। इसका आयोजन 'विजय चौक' नई दिल्ली पर किया जाता है।

67.(a)



जॉन पश्चिम से 90^0 दक्षिणावर्त घूमने पर उत्तर दिशा के सम्मुख आ जायेगा तत्पश्चात् 270^0 वामावर्त घूमने पर वह 'पूर्व दिशा' के सम्मुख हो जायेगा।

68. (b)

जिस प्रकार चावल का सम्बन्ध अनाज से है,उसी प्रकार मसूर का सम्बन्ध दलहनी फसल से है।

69. (a)



Figure 1 Figure 2 Figure 3

चित्र (1) तथा (2) से -

यदि किसी दी गयी पासे की दो स्थितियों में कोई भी दों अंक/चिह्न आदि समान हो तो शेष तीसरे सतह के अंक/चिह्न एक दूसरे के स्वयं ही विपरीत हो जाते है। इस प्रकार 2 की विपरीत सतह पर 4 आयेगा। अतः विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

70. (a)



वर्गों की संख्या = 4 बड़े वर्ग + 4 छोटे वर्ग + 1 सबसे बड़ा वर्ग

= 4 + 4 + 1 = 9

71. (b)

जिस प्रकार-	तथा
2 15 19 19	4 5 1 12
B O S S	D E A L
↓ ↓ ↓ ↓	↓ ↓ ↓ ↓
21 9 6 7	19 19 24 14
(23,24,25,26)	(23,24,25,26)

उसी प्रकार-

7 1 9 14

G A I N

↓ ↓ ↓ ↓

16 23 16 12

(23,24,25,26)

72. (a)

दिया गया अनुक्रम-

$$Q \xrightarrow{-1} P \xrightarrow{-1} O \xrightarrow{-1} N \xrightarrow{-1} \boxed{M}$$
$$M \xrightarrow{+5} R \xrightarrow{+5} W \xrightarrow{+5} B \xrightarrow{+5} \boxed{G}$$
$$L \xrightarrow{-9} C \xrightarrow{-9} T \xrightarrow{-9} K \xrightarrow{-9} \boxed{B}$$

अतः (?) = MGB

73.(b)

जब एक सिक्के को उछाला जाता है तो चित (Head) आने की

संभावना $= \dfrac{\text{अनुकूल संभावना}}{\text{कुल संभावना}} = \dfrac{1}{2}$

अत: चित आने की संभावना $= \dfrac{1}{2}$

74. (c)

प्रश्नानुसार,

$$67 = \frac{33 + x + 47 + 83 + 109}{5}$$
$$\Rightarrow 272 + x = 335$$
$$\Rightarrow \quad x = 335 - 272 = 63$$

अब,

$$\frac{50 + 64 + 100 + 126 + 63}{5} = \frac{403}{5}$$
$$= 80.6$$

75. (a)

प्रश्नानुसार,



$AB = \sqrt{(3-1)^2 + (4-2)^2} = \sqrt{4+4} = \sqrt{8}$

$BC = \sqrt{(4-3)^2 + (1-4)^2} = \sqrt{1+9} = \sqrt{10}$

$CA = \sqrt{(1-4)^2 + (2-1)^2} = \sqrt{9+1} = \sqrt{10}$

यहाँ भुजा, BC = CA

अतः त्रिभुज समद्विबाहु त्रिभुज है।

76.(b)



$\frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.}}{\Delta DEF \text{ का क्षे.}} = \left(\frac{BC}{EF}\right)^2$

$\frac{80}{\Delta DEF \text{ का क्षे.}} = \left(\frac{4}{5}\right)^2$

$\frac{80}{\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{16}{25}$

$\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल} = \frac{80 \times 25}{16}$

ΔDEF का क्षे. = 125 cm^2

77.(b)

माना संख्याएँ 5x, तथा 7x है।

प्रश्नानुसार-

$\frac{5x+6}{7x+6} = \frac{3}{4}$

21x + 18 = 20x + 24

$\Rightarrow x = 6$

अभीष्ट संख्याएँ -

5x = 5 × 6 = 30

तथा,

7x = 7 × 6 = 42

78. (c)

प्रश्नानुसार-



$BC^2 = \sqrt{48^2 + 36^2}$

$= \sqrt{2304 + 1296}$

$= \sqrt{3600}$

= 60 km/h

15 सेकण्ड बाद दूरी $= 60 \times \frac{5}{18} \times 15$

= 250 m

79. (a)

घन का विकर्ण $(a\sqrt{3}) = 6\sqrt{3}$

a = 6 cm

तीन घनों को जोड़ने पर घनाभ की चौ. = 6 × 3 = 18 cm

परिणामी घनाभ का पृष्ठीय क्षे. = 2(lb + bh + lh)

= 2(6 × 18 + 18 × 6 + 6 × 6)

= 2(108 + 108 + 36)

= (252)×2

= 504 cm^2

80.(b)

$\sqrt{\frac{1+\sin A}{1-\sin A}}$

$= \sqrt{\frac{1+\sin A}{1-\sin A} \times \frac{(1+\sin A)}{(1+\sin A)}}$

$= \sqrt{\frac{(1+\sin A)^2}{1-\sin^2 A}}$

$= \frac{1+\sin A}{\cos A}$

= secA + tanA

81. (d)

उपरोक्त विकल्पों में से विकल्प (d) Dictionery की वर्तनी अशुद्ध है इसकी शुद्ध वर्तनी Dictionary (शब्द कोष) है। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध है।

Dictate - तानाशाही करना

Decision - निर्णय लेना

Difference - अन्तर करना

82. (b)

Loathe (घृणा करना)

Antonym **-** Admire (प्रंशसा करना)

अन्य विकल्पों के अर्थ -

Detest - नफरत करना

Despise - निन्दा करना

Abhor - घृणा करना

83. (b)

उपरोक्त वाक्य में Eighty rupees are के स्थान पर Eighty rupees is का प्रयोग होगा क्योंकि 'Eighty rupees' singular entity को दर्शाता है इसलिए verb singular (is) होगा अर्थात Singular verb (is) का प्रयोग होगा।

Correct Sentence -

Eighty rupees is too much for this leather bag, which is looking so old.

84. (a)

Beneath - (नीचे)

Antonym - Above (ऊपर)

अन्य विकल्पों के अर्थ -

Beyond - से बाहर/परे

Under - के अन्तर्गत / के अधीन

Below - नीचे

85. (a)
उपरोक्त वाक्य के भाव के अनुसार रिक्त स्थान में Confident (आत्म विश्वास होना) का प्रयोग उपयुक्त होगा।

अन्य विकल्प भिन्न अर्थ देते है।

Efficient - कुशल

Diffident - संकोची/शर्मीला

Sufficient - पर्याप्त

Correct Sentence -
The new employee said that he was confident of doing the job well.

86. (d)
Competent (सक्षम)

Synonym - Capable (समर्थ)

अन्य विकल्पो के अर्थ -

Comparable - तुलनीय

Comfortable -आरामदायक

Compatible - संगत/अनुकूल

87. (b)
उपरोक्त Idiom, Blow a fuse (आगबबूला हो जाना) के लिए विकल्प (b) To react very angrily उपयुक्त व्याख्या करता है। अन्य विकल्प भिन्न अर्थ देते है।

88. (b)
उपरोक्त वाक्य में unless you don't के स्थान पर Unless you का प्रयोग होगा क्योंकि unless और until के साथ 'not' का प्रयोग नहीं होता है।

Correct Sentence -
Unless you work hard, you will fail.

89. (b)
उपरोक्त विकल्पों में से विकल्प flavure की वर्तनी अशुद्ध है इसकी शुद्ध वर्तनी flavour (स्वाद/महक) है। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध है।

Future - भविष्य

Leisure - अवकाश / खाली समय

Figure - आकृति

90. (d)
उपरोक्त वाक्य के रेखांकित भाग suspension (निलंबन) के स्थान पर information (सूचना) का प्रयोग होगा क्योंकि यह वाक्य के भाव के अनुसार उपयुक्त अर्थ देता है। अन्य विकल्प भिन्न अर्थ देते है।

Dereliction - कर्तव्य का त्याग

Revolution - क्रान्ति

Benediction - आशीर्वाद

Correct Sentence - When you give ……….. information ………

91.(d)
साहचर्य का विलोम अलगाव होता है। असहयोग का विलोम सहयोग होता है। वैमनस्य का विलोम **सौमनस्य** होता है।

92.(b)
'प्रामाणिक = प्रमाण + इक' मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

93.(a)
यदि + अपि = यद्यपि (यण सन्धि)

इको यणचि – ह्रस्व अथवा दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो इ अथवा ई के बदले य्, उ अथवा ऊ के बदले व्, ऋ के बदले र् हो जाता है। इसे यण स्वर सन्धि कहते हैं।

94.(c)
खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए प्रदान की जाती है, उसे 'पाथेय' कहा जाता है। रोगी को दिया जाने वाला हल्का भोजन 'पथ्य' कहलाता है।

95.(b)
दिये गये वाक्य 'जो क्षमा करने योग्य नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा – अक्षम्य जबकि शेष विकल्प असंगत है।

96.(a)
समरूपी भिन्नार्थक शब्द अवधि–अवधी है।

अवधि का अर्थ– काल, समय

अवधी का अर्थ– अवध देशीय भाषा

97.(b)
हिन्दी में कुछ शब्द अनेक अर्थ वाले होते हैं। उन्हीं को अनेकार्थक या अनेकार्थी शब्द कहते हैं। **जैसे-**'अंक' शब्द का **अनेकार्थी-** गोद, संख्या, अध्याय आदि होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

98.(a)
तुरंग का अर्थ 'घोड़ा' है।

99.(b)
हवा 'समीर' का पर्यायवाची है। इनके अन्य पर्याय- वायु, पवन, हवा, वात, मारुत, अनिल इत्यादि।

100. (d)
आटे दाल का भाव मालूम होना मुहावरे का अर्थ है– 'कष्ट का अनुभव होना।'

PRACTICE SET - 2

1. पं. जवाहर लाल नेहरू ने किस तिथि को संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव (Objectives Resolution)' प्रस्तुत किया था?

(a) 13 दिसंबर, 1948 (b) 13 दिसंबर, 1946
(c) 13 दिसंबर, 1949 (d) 13 दिसंबर, 1947

2. भारतीय संविधान में शामिल 'स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के सिद्धांत किस देश के संविधान से लिए गए है?'

(a) फ्रांस (b) आयरलैण्ड
(c) ब्रिटेन (d) ऑस्ट्रेलिया

3. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह निर्दिष्ट किया गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा?

(a) अनुच्छेद 40 (b) अनुच्छेद 41
(c) अनुच्छेद 43 (d) अनुच्छेद 42

4. इनमें से कौन भारत की नागरिकता प्राप्त करने की एक शर्त नहीं है?

(a) जन्म (b) वंश
(c) सम्पत्ति अधिग्रहण (d) देशीकरण।

5. भारत के राष्ट्रपति को शपथ कौन दिलाता है ?

(a) प्रधानमंत्री
(b) भारत के अटॉर्नी जनरल
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) उपराष्ट्रपति

6. किसी धन विधेयक के लोकसभा में पारित होने के बाद, राज्यसभा उस विधेयक को अधिकतम कितने दिनों के भीतर लोकसभा को लौटा सकती है?

(a) 14 (b) 22
(c) 12 (d) 28

7. भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना कब की गई थी?

(a) 25 फरवरी,1950 (b) 26 नवंबर, 1950
(c) 15 अगस्त, 1950 (d) 25 जनवरी, 1950

8. भारतीय संविधान में पहला संशोधन .... में किया गया था।

(a) 1952 (b) 1951
(c) 1950 (d) 1953

9. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक किसके द्वारा नियुक्त किया जाता हैं?

(a) प्रधानमंत्री (b) उपराष्ट्रपति
(c) राष्ट्रपति (d) मुख्यमंत्री

10. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का संवैधानिक निकाय नहीं है?

(a) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(b) भारतीय चुनाव आयोग
(c) केंद्रीय सूचना आयोग
(d) राज्य लोक सेवा आयोग

11. आकाशगंगा (Milky Way) का आकार .... है।

(a) नियमित (b) अनियमित
(c) सर्पिलाकार (d) अण्डाकार

12. एक विषुव (Equinox) एक वर्ष में कितनी बार आता है?

(a) एक बार (b) दो बार
(c) तीन बार (d) चार बार

13. पृथ्वी को सूर्य की पराबैंगनी विकिरण से कौन सुरक्षित रखता है?

(a) ओजोन (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) मैग्नीशियम

14. भूटान का साम्राज्य .... हिमालय में स्थित है

(a) उत्तरी (b) पूर्वी
(c) पश्चिमी (d) मध्य

15. भारतीय मानक समय (IST) ग्रीनविच माध्य समय (GMT) से ....आगे हैं।

(a) 5 घंटे, 10 मिनट (b) 6 घंटे, 15 मिनट
(c) 5 घंटे, 30 मिनट (d) 3 घंटे, 30 मिनट

16. लूनी नदी किस पर्वत श्रृंखला से निकलती है?

(a) हिमालय (b) सतपुड़ा
(c) विंध्याचल (d) अरावली

17. ____ भारत का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा मिट्टी का बांध है। इस बांध का नाम केरल के राजा महाबली के पुत्र के नाम पर रखा गया था।

(a) बाणासुर सागर बांध (b) नागार्जुन सागर बांध
(c) कृष्णराज सागर बांध (d) मेट्टूर बांध

18. भारत का कौन सा राज्य रबर का अग्रणी उत्पादक है?

(a) केरल (b) हिमाचल प्रदेश
(c) तेलंगाना (d) तमिलनाडु

19. भारत में पाषाण कालीन शिला चित्रकारी कहाँ पायी जाती है?

(a) नालंदा (b) भीमबेटका
(c) एलीफेंटा (d) बाघ गुफाएं

20. जातक कथाएं _____ से संबंधित हैं।

(a) सिक्ख धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) जैन धर्म (d) हिन्दू धर्म

21. किस मूल भारतीय राजवंश ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किए थे ?

(a) पेशवा वंश (b) राष्ट्रकूट वंश
(c) सातवाहन वंश (d) पांड्य वंश

22. प्राचीन संस्कृत ग्रंथ, अष्टाध्यायी के लेखक कौन हैं ?

(a) पतंजलि (b) पाणिनि
(c) अष्टावक्र (d) चरक

23. **मोहम्मद गोरी की सेना और पृथ्वीराज चौहान के बीच दो बार युद्ध हुआ जिसमें _______ की दूसरी लड़ाई पृथ्वीराज चौहान हार गए और उनके राज्य पर कब्जा कर लिया गया।**
(a) कन्नौज (b) पानीपत
(c) प्लासी (d) तराईन

24. **भारतीय–इस्लामी शिल्पकला जो कुतुब मीनार एवं अलाई दरवाजा जैसे स्मारकों में दृष्टिगोचर है, भारत के किस युग से संबंधित है?**
(a) वैदिक युग (b) दिल्ली सल्तनत
(c) मुगल युग (d) आधुनिक भारतीय युग

25. **कन्नौज की लड़ाई में शेरशाह सूरी द्वारा हुमायूं को _____ में पराजित किया गया था।**
(a) 1544 (b) 1540
(c) 1542 (d) 1539

26. **बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा' किस भाषा में लिखी गई थी?**
(a) कुर्दी (b) पश्तो
(c) उर्दू (d) तुर्की

27. **जब फ्रांसीसी नेतृत्व में फ्रांस ने..........पर कब्जा कर लिया था। तब पहला कर्नाटक युद्ध लड़ा गया था।**
(a) मद्रास (b) पांडिचेरी
(c) बंबई (d) हैदराबाद

28. **सिपाही विद्रोह के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था?**
(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) विलियम बैंटिक
(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड कैनिंग

29. **दिल्ली दरबार 1911 के दौरान, दिल्ली की आधार शिला इनमें से किसने रखी थी?**
(a) हरबर्ट बेकर (b) लॉर्ड विलिंग्डन
(c) जॉर्ज पंचम (d) लॉर्ड इरविन

30. **सहायक गठबंधन, 1798 में ______ द्वारा तैयार एक गैर-हस्तक्षेप नीति थी।**
(a) लॉर्ड इरविन (b) लॉर्ड बेंटिक
(c) लॉर्ड वेलेज़ली (d) लॉर्ड कार्नवालिस

31. **उत्पादन हेतु कच्चा माल और नकदी इसके अंतर्गत वर्गीकृत किए जाते हैं-**
(a) भौतिक पूँजी (b) कार्यशील पूँजी
(c) स्थिर पूँजी (d) मानव पूँजी

32. **पहली पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य भारत में कृषि की स्थिति में सुधार करना था। यह वर्ष _____ में शुरू हुई थी।**
(a) 1950 (b) 1961
(c) 1931 (d) 1951

33. **निम्नलिखित में से कौन भारत सरकार की मौद्रिक नीति तैयार करता है?**
(a) प्रधानमंत्री (b) आर. बी. आई. के गवर्नर
(c) वित्त मंत्री (d) राष्ट्रपति

34. **भारत में राज्य सरकार द्वारा........... कर लगाए जाते हैं।**
(a) शराब पर उत्पादन शुल्क (b) पूँजीगत लाभ
(c) सीमा शुल्क (d) निगम

35. **वित्तीय क्षेत्र में, FCCB का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) फॉरेन करेंसी कॉमर्शियल बॉन्ड
(b) फॉरेन करेंसी कन्वर्टिबल बैंक्स
(c) फॉरेन करेंसी कन्वर्टिबल बॉन्ड
(d) फॉरेन करेंसी कॉर्पोरेट बॉन्ड्स

36. **'ऑपरेशन ग्रीन्स' एक सरकारी योजना है, इसका उद्देश्य क्या है ?**
(a) फसलों के सामान्य कीमत स्तर
(b) फसल शिक्षा में अनुसंधान और निवेश
(c) बांस की फसलों का विकास
(d) टमाटर, प्याज और आलू (T.O.P.) की फसलों की आपूर्ति में स्थिरता लाना

37. **स्वच्छ विकास तंत्र कार्यक्रम (Clean development mechanism programme) का उपयोग ...... को कम करने के लिए किया जाता है।**
(a) पानी की कमी (b) ध्वनि प्रदूषण
(c) वनोन्मूलन (d) ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन

38. **कर्नाटक का कंबाला त्योहार किससे संबंधित है?**
(a) मुर्गों की लड़ाई (b) भैसों की दौड़
(c) आदिवासी नृत्य (d) साँड़ों की लड़ाई

39. **'गिद्दा' किस राज्य का लोक नृत्य है?**
(a) पंजाब (b) उत्तर प्रदेश
(c) असम (d) महाराष्ट्र

40. **पंडित जसराज किस क्षेत्र में प्रख्यात हैं?**
(a) शास्त्रीय नर्तक (b) सितार वादक
(c) शास्त्रीय संगीतकार (d) तबला कलाकार

41. **"Life on my terms" किसकी आत्मकथा है?**
(a) शरद पवार (b) शशि थरूर
(c) चेतन भगत (d) प्रणब मुखर्जी

42. **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल .... मार्च को मनाया जाता है–**
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

43. **कैलाश सत्यार्थी .... के संस्थापक हैं।**
(a) बचपन बचाओ आंदोलन
(b) सबको पढ़ाओ आंदोलन
(c) स्त्री बचाओ आंदोलन
(d) बेटी पढ़ाओ आंदोलन

44. **यूनेस्को (UNESCO) का मुख्यालय कहाँ है?**
(a) वाशिंगटन डी.सी. (b) न्यूयॉर्क
(c) लंदन (d) पेरिस

45. **भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक किसे कहा जाता है?**
(a) अब्दुल कलाम (b) विक्रम साराभाई
(c) राकेश शर्मा (d) राजेन्द्र प्रसाद

46. **निम्नलिखित में से कौन 'जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल' है?**
(a) ब्रह्ममोस (b) त्रिशूल
(c) K-15 सागरिका (d) अग्नि

47. **कम्प्यूटर के संदर्भ में 'वेट वेयर' क्या होता है?**
(a) कम्प्यूटर प्रोग्राम (b) सर्किटरी
(c) मानव-मस्तिष्क (d) रासायनिक संग्रहण यंत्र

48. **1 पेटाबाइट (PB) = 1024 ______।**
(a) गीगाबाइट्स (b) जेटाबाइट्स
(c) टेराबाइट्स (d) एक्साबाइट्स

49. **प्रोसेस्ड डेटा को..........के रूप में जाना जाता है।**
(a) डेटा (b) जानकारी
(c) ज्ञान (d) विश्लेषण

50. **UDP क्या है?**
(a) कनेक्शन अभिमुखी प्रोटोकोल
(b) कनेक्शन रहित प्रोटोकोल
(c) यूजर-डिफाइण्ड प्रोटोकोल
(d) सिक्योरिटी प्रोटोकोल

51. **दाब मापने के लिए एसआई (SI) इकाई क्या है?**
(a) एम्पियर (b) पास्कल
(c) कैंडेला (d) केल्विन

52. **बहुत उच्च तापमान को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?**
(a) फैदोमीटर (b) मैनोमीटर
(c) सैलिनोमीटर (d) पायरोमीटर

53. **निम्नलिखित भौतिक मात्राओं में से कौन सी एक अदिश राशि है?**
(a) भार (b) आवेग
(c) यंग का मापांक (d) त्वरण

54. **एक तोप का गोला दागा गया है। इस गोले की गति ....का एक उदाहरण है।**
(a) सरल रेखीय गति (b) प्रक्षेप्य गति
(c) अतिपरवलयिक गति (d) क्षैतिज गति

55. **टी वी रिमोट कंट्रोल.......के सिद्धांत पर कार्य करता है।**
(a) अल्ट्रासोनिक तरंगे
(b) लेजर तकनीक
(c) ब्लूटूथ तकनीक
(d) इंफ्रारेड तरंगे

56. **निम्नलिखित में से सबसे अधिक परमाणु द्रव्यमान वाला तत्व कौन सा है ?**
(a) कैल्शियम (b) मैग्नीशियम
(c) क्लोरीन (d) सल्फर

57. **उस अम्ल की पहचान करें जो पाचन में मदद करता है।**
(a) सल्फ्यूरिक अम्ल
(b) एसिटिक अम्ल
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(d) नाइट्रिक अम्ल

58. **निम्नलिखित में से कौन से आयन जल की कठोरता के लिए जिम्मेदार है?**
(a) सोडियम और मैग्नीशियम के आयन
(b) कैल्शियम और मैग्नीशियम के आयन
(c) पोटैशियम और कैल्शियम के आयन
(d) सोडियम और कैल्शियम के आयन

59. **निम्न में से कौन-सा पदार्थ सबसे कठोर हैं?**
(a) कोयला (b) हीरा
(c) चाँदी (d) लोहा

60. **निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिकीय संरचनाएँ, प्रोटीन संश्लेषण के लिए उत्तरदायी होती हैं?**
(a) लाइसोसोम (b) माइटोकॉन्ड्रिया
(c) गॉल्जीकाय (d) राइबोसोम

61. **ग्रेगर मेंडल का आनुवंशिकता का मूल नियम किस सब्जी पर उनके द्वारा किए गए कार्य पर आधारित है?**
(a) मटर (b) मक्का
(c) बीँस (d) शतावर

62. **निम्नलिखित में से कौन सी दुनिया की सबसे तेज दौड़ने वाली चींटी प्रजाति है?**
(a) आर्मी चींटी (b) मेलोफोरस
(c) सहारन सिल्वर चींटी (d) सहारा रेगिस्तान चींटी

63. **रक्त में RBC के बढ़ने से कौन-सी स्थिति बन जाती है?**
(a) एनीमिया (b) हेमोफीलिया
(c) पॉलीसाइथेमिया (d) लूकेमिया

64. **खाद्य शृंखला के किस स्तर में मिलीपीड, स्प्रिंगटेल, वुडलाइस, गोबर मक्खियां और घोंघा शामिल होते हैं जो मृत या सड़ने वाले पादपों या जन्तुओं से पोषण प्राप्त करते हैं?**
(a) अपरदाहारी (b) सर्वाहारी
(c) शाकाहारी (d) मांसाहारी

65. **राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल ऐप को कब लांच किया गया ?**
(a) 11 दिसम्बर 2024
(b) 18 दिसम्बर 2024
(c) 21 दिसम्बर 2024
(d) 25 दिसम्बर 2024

66. **BRICS यूथ काउंसिल एंटरप्रेन्योरशिप वर्किंग ग्रुप का आयोजन कहां होगा ?**
(a) भारत
(b) रूस
(c) चीन
(d) दक्षिण अफ्रीका

67. **वंदना उत्तर-पूर्व दिशा की ओर जा रही है। 5 km चलने के बाद वह दाएँ ओर ठीक 90^0 में मुड़ जाती है। अब वह किस दिशा की ओर चल रही है?**

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम

68. निम्नलिखित चार अक्षर-संयोजनों में से तीन किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-संयोजन उस समूह से संबंधित नहीं है?

(a) XCCU (b) UZFR
(c) VCDR (d) SXHP

69. गणितीय चिह्नों के उस सही संयोजन का चयन करें जिसे क्रमिक रूप से * चिह्नों के स्थान पर रखने पर दिया गया समीकरण संतुलित हो जाएगा।

30 * 4 * 2 * 1 * 121

(a) ×, –, +, = (b) ÷, +, –, =
(c) ×, –, ÷, = (d) ×, +, –, =

70. दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने के पश्चात्, कौन-सा शब्द 'तीसरे' स्थान पर आएगा?

1. Series **2. Serious**
3. Serein **4. Serial**
5. Serried

(a) Series (b) Serious
(c) Serein (d) Serried

71. उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।

(7, 11, 72)
(5, 8, 39)

(नोट : संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर गणितीय संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13-गणितीय संक्रियाएँ जैसे कि जोड़ना/घटाना/गुणा करना इत्यादि 13 में किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में विभाजित करना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(a) (5, 2, 23) (b) (2, 3, 1)
(c) (4, 7, 33) (d) (5, 6, 13)

72. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उसके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सही मानें, भले ही उनमें सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन :

I. सभी Z, X हैं।
II. सभी G, X हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ G, Z हैं।
II. सभी X, G हैं।
III. कुछ Z, X हैं।

(a) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(b) I तथा III दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(c) II तथा III दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

73. एक काला, एक लाल और एक हरे रंग के पासे एक साथ फेंके जाते हैं। तीन संख्याओं का योग ≥17 होने की प्रायिकता क्या है?

(a) 7/216 (b) 5/216
(c) 1/54 (d) 1/36

74. दिए गए आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

x	6	10	18	24	30	36
f	4	3	4	2	1	1

(a) 17 (b) 12
(c) 16 (d) 13

75. तल 3x – 4y – 2z = 6 द्वारा निर्देशांकों अक्षों के साथ निर्मित अंतः खण्ड क्या होंगे?

(a) $-2,\frac{3}{2},3$ (b) $2,\frac{3}{2},-3$
(c) $-2,-\frac{3}{2},3$ (d) $2,-\frac{3}{2},-3$

76. $\frac{\cos 20^{o}}{\sin 70^{o}}+\frac{\cos\theta}{\sin\left(90^{o}-\theta\right)}=$ ______ .

(a) –2 (b) 2
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $-\frac{1}{2}$

77. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 49, 147 और 322 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त हो।

(a) 7 (b) 9
(c) 8 (d) 5

78. AD त्रिभुज ABC की माध्यिका है। P त्रिभुज ABC का केन्द्रक है। यदि AP = 14 से.मी. है, तो PD की लम्बाई कितनी है?

(a) 7 से.मी. (b) 14 से.मी.
(c) 28 से.मी. (d) 21 से.मी.

79. किसी वृत्त के ऐसे त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात करे जिसकी त्रिज्या 4 cm और कोण 30^{o} है।

(a) 7.186 सेमी.^{2} (b) 5.186 सेमी.^{2}
(c) 4.186 सेमी.^{2} (d) 6.186 सेमी.^{2}

80. एक राशि पर प्राप्त किया गया साधारण ब्याज, राशि का 25/36 है। वर्षों की संख्या ब्याज की वार्षिक दर के बराबर है। ब्याज की वार्षिक दर क्या है?

(a) 9.25 प्रतिशत (b) 6.62 प्रतिशत
(c) 8.33 प्रतिशत (d) 10.25 प्रतिशत

81. Select the option that will improve the underlined part of the sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement rquired'.

We were <u>took on</u> the vineyards for a tour.
(a) taken to
(b) taken on
(c) No improvement required
(d) take in

82. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Betterment
(a) Prosperity (b) Deterioration
(c) Progress (d) Advancement

83. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.
<u>Although</u> he got the message he rushed home.
(a) Hardly
(b) As soon as
(c) No sooner
(d) No improvement required

84. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.
A type of substance or material that burns very quickly
(a) Indelible (b) Incredible
(c) Invisible (d) Inflammable

85. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.
A plan or route to be followed on a journey
(a) Itinerary (b) Travel
(c) Tour (d) Arrangement

86. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
If I will meet/my friend today, / I shall give / him this book.
(a) If I will meet (b) him this book
(c) I shall give (d) my friend today

87. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Volatile
(a) Subtle (b) Erratic
(c) Flighty (d) Certain

88. Select the INCORRECTLY spelt word.
(a) Occasion (b) Occurence
(c) Offering (d) Auction

89. Parts of the given sentence have been given as options. One of them contains a grammatical error. Select the option that has the error.
I could not went for my sister's wedding in Rajasthan as I had my final examination at that time.
(a) sister's wedding in Rajasthan
(b) at that time
(c) as I had
(d) could not went

90. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
The Nature channel / gives a lots of / interesting information / on wildlife.
(a) gives a lots of
(b) on wildlife
(c) interesting information
(d) The Nature channel

91. 'स्पृश्य' का विलोम शब्द है –
(a) स्पृस्य (b) अस्पृस्य
(c) अश्पृष्य (d) अस्पृश्य

92. 'दर्शिका' शब्द में प्रत्यय है :
(a) आ (b) इका
(c) शिका (d) ईका

93. 'महा + ईश' का सन्धि रूप होगा
(a) माहीश (b) महीश
(c) महेश (d) महिश

94. 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा –
(a) निःस्पृहा (b) निःस्पृह
(c) निस्पृहा (d) निस्पृहीन

95. 'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है-
(a) गुरुकुलवासी (b) छात्रावासी
(c) अन्तेवासी (d) आश्रमवासी

96. 'अन्न-अन्य' शब्द-युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए।
(a) अनाज-दूसरा (b) अनाज-फल
(c) पेड़-पौधे (d) दूसरा-पराया

97. सर्प, मेंढक, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द है :
(a) पशु (b) शिव
(c) हरि (d) कपिश

98. अक्ष का अनेकार्थी बताइये?
(a) धुरी (b) स्थिर
(c) आज्ञा (d) प्रकाश

99. 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द है–
(a) स्वरूप (b) सुविज्ञता
(c) समालोचन (d) निष्क्रिय

100. ''आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास'' कहावत का अर्थ कौन से विकल्प में बताया है?
(a) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना।
(b) ईश्वर भक्ति को छोड़ व्यापार में लग जाना।
(c) हरिभक्ति का मार्ग कठिन होता है।
(d) उद्देश्य की प्राप्ति में असफल होना।

SOLUTION : PRACTICE SET- 2

ANSWER KEY

1. (b)	11. (c)	21. (c)	31. (b)	41. (a)	51. (b)	61. (a)	71. (c)	81. (a)	91.(d)
2. (a)	12. (b)	22. (b)	32. (d)	42. (c)	52. (d)	62. (c)	72. (d)	82. (b)	92.(b)
3. (a)	13. (a)	23. (d)	33. (b)	43.(a)	53.(c)	63. (c)	73. (c)	83. (b)	93.(c)
4. (c)	14. (b)	24. (b)	34. (a)	44. (d)	54. (b)	64. (a)	74. (c)	84. (d)	94.(b)
5. (c)	15. (c)	25. (b)	35.(c)	45. (b)	55. (d)	65. (d)	75. (d)	85. (a)	95.(c)
6. (a)	16. (d)	26. (d)	36. (d)	46. (b)	56. (a)	66. (a)	76. (b)	86. (a)	96.(a)
7. (d)	17. (a)	27. (a)	37. (d)	47. (c)	57. (c)	67. (b)	77. (a)	87. (d)	97.(c)
8. (b)	18. (a)	28. (d)	38. (b)	48. (c)	58. (b)	68. (c)	78. (a)	88. (b)	98.(a)
9. (c)	19. (b)	29. (c)	39. (a)	49. (b)	59. (b)	69. (d)	79. (c)	89. (d)	99.(c)
10. (c)	20. (b)	30. (c)	40. (c)	50. (b)	60. (d)	70. (a)	80.(c)	90. (a)	100.(a)

SOLUTION

1. (b)
कैबिनेट मिशन की संस्तुतियों के आधार पर भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा का गठन जुलाई 1946 ई. में किया गया था। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा 13 दिसम्बर, 1946 को जवाहर लाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किए गए उद्देश्य प्रस्ताव के साथ कार्यवाही प्रारम्भ हुई थी।

2. (a)
भारतीय संविधान में शामिल स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के सिद्धान्त को फ्रांस के संविधान से लिया गया है। इन तीनों शब्दों का सर्वप्रथम प्रयोग फ्रांस की क्रांति में किया गया था।

आयरलैंड– नीति निदेशक सिद्धांत, राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल की व्यवस्था आदि।

ऑस्ट्रेलिया– प्रस्तावना की भाषा,समवर्ती सूची आदि।

ब्रिटेन– संसदात्मक शासन-प्रणाली,विधि का शासन आदि।

3. (a)

अनुच्छेद	**प्रावधान**
अनुच्छेद 40	ग्राम पंचायतों का संगठन।
अनुच्छेद 41	कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार।
अनुच्छेद 42	काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध।
अनुच्छेद 43	कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी एवं कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन।

4. (c)
नागरिकता अधिनियम, 1955 में नागरिकता प्राप्त करने की 5 शर्तें उल्लिखित है। जन्म, देशीयकरण, वंशानुगत, पंजीकरण, प्राकृतिक एवं क्षेत्र समाविष्ट करने के आधार पर नागरिकता प्राप्त की जा सकती है जबकि सम्पत्ति अधिग्रहण से नागरिकता ग्रहण का प्रावधान नहीं है।

5. (c)
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 60 में राष्ट्रपति के शपथ या प्रतिज्ञान का प्रारूप वर्णित है। भारत के राष्ट्रपति को शपथ भारत का मुख्य न्यायाधीश या उसकी अनुपस्थिति में उच्चतम न्यायालय का वरिष्ठ न्यायाधीश दिलाता है।

6. (a)
संविधान के अनुच्छेद-110 में धन विधेयक को परिभाषित किया गया है, तथा उसे पारित करने के लिए अनुच्छेद 109 के तहत विशेष प्रक्रिया का प्रावधान है। लोकसभा में पारित होने के उपरांत उसे राज्यसभा के विचारार्थ हेतु भेजा जाता है। 14 दिनों के अंदर उसे स्वीकृति देनी होती है अन्यथा इसे राज्यसभा द्वारा पारित माना जाता है।

7. (d)
भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। इसका उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करना है। संविधान का अनुच्छेद – 324-329 तक, चुनाव आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित प्रावधान किये गये है।

8. (b)
भारतीय संविधान में पहला संशोधन वर्ष 1951 में हुआ। इसके द्वारा सामाजिक और आर्थिक तथा पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए विशेष उपबंध, कानून की रक्षा के लिए संपत्ति अधिग्रहण तथा भूमि सुधार एवं न्यायिक समीक्षा से जुड़े कानून को नौवीं सूची में स्थान प्रदान किया गया।

9. (c)
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है, किन्तु उसे पद से संसद के दोनों सदनों के समावेदन पर ही हटाया जा सकेगा।

10. (c)
केंद्रीय सूचना आयोग की स्थापना वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। इसकी स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के अंतर्गत शासकीय राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से की गई थी। इस प्रकार यह एक संवैधानिक निकाय नहीं है। इस आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त होते है, जिनकी संख्या 10 से अधिक नहीं होनी चाहिये। इन सभी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है।

11. (c)
आकाशगंगा असंख्य तारों का एक विशाल पुंज है, जिसमें एक केन्द्रीय बल तथा तीन घूर्णनशील भुजाएं होती है। हमारी आकाशगंगा को 'मंदाकिनी' या दुग्ध मेखला (milky way) या आकाशगंगा नाम दिया गया है, जिसका 80% आकार सर्पिल है। इस आकाशगंगा को सर्वप्रथम गैलीलियों ने देखा था।

12. (b)
21 मार्च तथा 23 सितम्बर को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत् चमकता है। अत: इस समय समस्त अक्षांश रेखाओं का आधा भाग सूर्य का प्रकाश प्राप्त करता है जिससे सर्वत्र दिन व रात की अवधि बराबर रहने एवं ऋतु की समानता के कारण इन दोनों स्थितियों को सम रात-दिन अथवा विषुव (Equinox) कहा जाता है।
21 मार्च की स्थिति को 'बसंत विषुव' तथा 23 सितम्बर की स्थिति को 'शरद विषुव' कहा जाता है।

13. (a)
समताप मण्डल में पायी जाने वाली ओजोन परत मानवीय जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी विकिरण को रोकती है, इसे ''गुड ओजोन'' कहते हैं। ओजोन (O_3) ऑक्सीजन के तीन अणुओं से मिलकर बनने वाली एक रंगहीन एवं क्रियाशील ऑक्सीकारक गैस है।

14. (b)
लैंड ऑफ थंडरबोल्ट की उपमा से प्रसिद्ध भूटान का साम्राज्य पूर्वी हिमालय में स्थित है। इसकी राजधानी थिम्पू है तथा मुद्रा न्गुल्ट्रम है। भूटान के पश्चिम में सिक्किम, दक्षिण में असम एवं बंगाल, पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तथा उत्तर में तिब्बत स्थित है।

15. (c)
भारत का मानक समय प्रयागराज (इलाहाबाद) के समीप मिर्जापुर से गुजरने वाली $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर रेखा को माना गया है, जो ग्रीनविच समय से $5\frac{1}{2}$ घंटा आगे है। ज्ञातव्य है कि $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर भारत के पाँच राज्यों- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश से होकर गुजरता है।

16. (d)
लूनी नदी पश्चिमोत्तर भारत के राजस्थान राज्य में अजमेर के निकट अरावली श्रेणी की नाग पहाड़ से निकलकर दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान नागौर, पाली, जोधपुर, बाडमेर जालौर में बहकर कच्छ के रण में जाकर विलुप्त होती है। इसके उद्गम स्थल पर इसको सागरमती फिर सरस्वती और बाद में लूनी कहते है। इस नदी के पानी में अधिक खारेपन के कारण इसे 'नमक नदी' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अपवाह क्षेत्र राजस्थान तथा गुजरात है।

17. (a)

बाँध का नाम	**सम्बन्धित नदी**	**राज्य**
बाणासुर सागर बाँध	करमनथोडु नदी	केरल
नागार्जुन सागर बाँध	कृष्णा नदी	तेलगांना
कृष्णराज सागर बाँध	कावेरी, हेमावती एवं लक्ष्मण तीर्थ नदी	कर्नाटक
मेट्टूर बाँध	कावेरी	तमिलनाडु

18. (a)
केरल राज्य में रबर का सबसे अधिक उत्पादन होता है। देश में रबर बोर्ड का मुख्यालय भी केरल (कोट्टायम) में ही स्थित है। भौगोलिक दृष्टि से रबर के वृक्ष भूमध्य रेखीय सदाबहार वनों में पाये जाते है इसके दूध (जिसे लेटेक्स कहते है) से रबर तैयार किया जाता है। इनका प्रयोग मोटर के ट्यूब, टायर, वाटर प्रूफ, कपड़े आदि बनाने में होता है।

19. (b)
भीमबेटका भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिलें में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है, जहाँ पर पाषाणकालीन शिला चित्रकारी पायी जाती है।

20. (b)
जातक कथाएँ, साहित्यिक रचनाएँ हैं जो गौतम बुद्ध के पिछले जन्मों के बारे में हैं। ये बौद्ध ग्रन्थ त्रिपिटक का भाग है। बौद्ध धर्म की स्थापना गौतम बुद्ध ने छठवीं शताब्दी ई0पू0 पाँचवी शताब्दी ई. पू. में की थी। इनका जन्म लगभग 563 ई.पू. में हुआ था।

21. (c)
सातवाहन राजवंश ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किये। सातवाहन शासकों द्वारा सर्वप्रथम सीसे के सिक्के जारी किये गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने चाँदी, ताँबा, कॉसा, पोटीन आदि के सिक्के भी चलाए। सातवाहन वंश की स्थापना सिमुक ने की थी। सातवाहन शासकों ने अपनी राजधानी 'प्रतिष्ठान' में स्थापित की।

22. (b)
'अष्टाध्यायी' (संस्कृत भाषा व्याकरण की प्रथम पुस्तक) के लेखक पाणिनि है। इसमें मौर्य काल के पहले का इतिहास तथा मौर्ययुगीन राजनीतिक अवस्था की जानकारी प्राप्त होती है। अष्टाध्यायी में कुल सूत्रों की संख्या लगभग 3996 है।

ग्रन्थ		**लेखक**
महाभाष्य	–	पतंजलि
नाट्यशास्त्र	–	भरतमुनि
चरक संहिता	–	चरक

23. (d)
तराईन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में पृथ्वीराज चौहान तथा मुहम्मद गोरी के मध्य हुआ जिसमें गोरी पराजित हुआ। तराईन के द्वितीय युद्ध (1192 ई.) में गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को पराजित कर दिया और उनके राज्य दिल्ली एवं अजमेर पर अधिकार कर लिया।

24. (b)

दिल्ली सल्तनत (1206–1526 ई.) के प्रमुख भारतीय इस्लामी स्थापत्य कला–

इमारत	**शासक**	**स्थान**
अढ़ाई दिन का झोपड़ा	कुतुबुद्दीन ऐबक	अजमेर
कुतुब मीनार	कुतुबुद्दीन ऐबक व इल्तुतमिश	दिल्ली
अलाई दरवाजा	अलाउद्दीन खिलजी	दिल्ली
सीरी का किला, हजार स्तम्भों वाला महल	अलाउद्दीन खिलजी	दिल्ली
शेख निजामुद्दीन औलिया का दरगाह	मुहम्मद तुगलक	दिल्ली
सिकंदर लोदी का मकबरा	इब्राहिम लोदी	दिल्ली

25. (b)
कन्नौज का युद्ध मई, 1540 ईस्वी में हुमायूं और शेरशाह के बीच लड़ा गया। कन्नौज के युद्ध को बिलग्राम का युद्ध भी कहा जाता है। इस युद्ध में शेरशाह (शेर खाँ) ने हुमायूं को पराजित किया। इस युद्ध के पश्चात् शेरशाह सूरी ने हुमायूं को भारत से पलायन करने के लिए विवश कर दिया।

26. (d)
मुगल बादशाह बाबर ने अपनी आत्मकथा 'बाबरनामा' की रचना तुर्की भाषा में की, इसमें बाबर ने अपने जीवन की अनेक घटनाओं को विस्तार से लिखा है। इसके माध्यम से बाबर द्वारा भारत में किए गए युद्धों की जानकारी मिलती है तथा आक्रमण के समय भारत की राजनीतिक दशा का विवरण भी मिलता है। यह आत्मकथा बाबर द्वारा पानीपत एवं खानवा के युद्ध में अपनाई गई 'तुलगमा युद्ध प्रणाली' की जानकारी भी देती है। बाबरनामा नाम से जानी जाने वाली पुस्तक का मूल शीर्षक 'तुजुक-ए-बाबरी' है।

27. (a)
कर्नाटक का प्रथम युद्ध (1746-48 ई.) आस्ट्रिया के उत्तराधिकार युद्ध (1740 ई.) का विस्तार था। कैप्टन बारनैट के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना ने कुछ फ्रांसीसी जलपोत पकड़ लिए जो युद्ध का तात्कालिक कारण बना। इसके परिणामस्वरूप मॉरीशस के फ्रांसीसी गवर्नर ला बूर्डोने ने मद्रास पर अधिकार कर लिया। प्रथम कर्नाटक युद्ध कैप्टन पैराडाइज की फ्रांसीसी सेना तथा महफूज खाँ के नेतृत्व वाली नवाब की सेना के मध्य लड़ा गया। फ्रांसीसियों ने नवाब की सेना को सेंटथोमे नामक स्थान पर पराजित किया। इस युद्ध की समाप्ति यूरोप में ''एक्स ला शापेल की संधि'' (1748 ई.) के साथ हुई, क्योंकि इस संधि के कारण आस्ट्रिया का उत्तराधिकार का युद्ध भी समाप्त हो गया। इस संधि से अंग्रेजों को मद्रास पुन: वापस मिल गया।

28. (d)
सिपाही विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग था। 1857 की क्रांति का प्रतीक चिह्न कमल का फूल तथा रोटी था तथा सरकारी इतिहासकार सुरेन्द्र नाथ सेन (S.N.सेन) थे।

29. (c)
दिल्ली दरबार के दौरान सम्राट जार्ज पंचम ने दिल्ली की आधार शिला रखी एवं भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की थी। दिल्ली 1 अप्रैल, 1912 ई. को राजधानी बनी।

30. (c)
भारतीय उपमहाद्वीप में लॉर्ड वेलेजली (1798-1805) ने भारत में अंग्रेजी राज्य के विस्तार के लिए सहायक संधि का प्रयोग किया। यह संधि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी और भारतीय रियासतों के बीच में हुई थी। सहायक सन्धि को स्वीकार करने वाला प्रथम भारतीय शासक हैदराबाद का निजाम था, जिसने 1798 में सहायक सन्धि स्वीकार किया। मैसूर तथा तंजौर क्रमशः पहले और दूसरे राज्य थे, जिसने 1799 ई. में इस संधि पर हस्ताक्षर किए। अवध के नवाब ने नवम्बर 1801 में, पेशवा बाजीराव द्वितीय ने 1802 में 1803 ई. में सिंधिया व भोंसले ने तथा ग्वालियर के सिंधिया ने फरवरी 1804 में वेलेजली की सहायक सन्धि को स्वीकार किया।

31. (b)
कार्यशील पूँजी व्यवसाय के दैनिक क्रिया कलापों को पूरा करने के लिए आवश्यक पूँजी है, जिसका उपयोग वस्तुओं के उत्पादन के लिए किया जाता है। इसमें कच्चा माल और नकदी शामिल होते हैं। भौतिक पूँजी से तात्पर्य उस पूँजी से है जो प्रकृति में मूर्त हैं, जैसे- मशीनरी, फर्नीचर, भवन आदि। मानव पूँजी से तात्पर्य किसी व्यक्ति के कौशल, योग्यता, प्रतिभा, ज्ञान संग्रह आदि से है। जिनका उपयोग कम्पनी द्वारा अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है।

32. (d)
भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल, 1951 से प्रारम्भ हुई थी। यह योजना ''हैराड - डोमर मॉडल'' पर आधारित थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र था, जिसके अन्तर्गत बाँध व सिंचाई मुख्य बिन्दु थे। स्वतंत्रता के बाद बँटवारे के कारण कृषि क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित था। अतः उस पर ध्यान देना प्रथम वरीयता का कार्य था। इस योजना के दौरान बड़ी सिंचाई परियोजनाएँ जैसे- भाखड़ा नांगल परियोजना, व्यास परियोजना आदि शुरू की गयी।

33. (b)
आर.बी.आई. का गवर्नर भारत सरकार की मौद्रिक नीति तैयार करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (केन्द्रीय बैंक या बैंकों के बैंक) का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारत में वित्तीय स्थिरता बनाये रखने के लिए भारत सरकार की मौद्रिक नीति तैयार करना, उसे लागू करना और उसकी निगरानी करना है। इसके द्वारा वर्ष में दो बार (अप्रैल एवं अक्टूबर) मौद्रिक एवं ऋण नीति घोषित की जाती है एवं इसके अतिरिक्त मध्यावधि त्रैमासिक समीक्षा भी की जाती है।
मौद्रिक नीति से अभिप्राय मुद्रा एवं साख की मात्रा पर नियमन एवं नियंत्रण करने की नीति से है।

34. (a)
भारत में राज्य सरकार शराब के निर्माण पर उत्पाद कर और ब्रिकी कर लगाती है। इसे वस्तु एवं सेवा कर के दायरे से बाहर रखा गया है। पूंजी लाभ कर और निगम कर प्रत्यक्ष कर के भाग है। सीमा शुल्क एक अप्रत्यक्ष कर है जो वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत आता है।

35.(c)
वित्तीय क्षेत्र में FCCB का पूरा नाम-फॉरेन करेंसी कन्वर्टिबल बॉन्ड होता है। यह एक विशेष प्रकार का बांड है, जो किसी कंपनी द्वारा अपनी घरेलू मुद्रा से भिन्न मुद्रा में आमतौर पर 3-7 वर्षों के लिए जारी किया जाता है। यह एक कंपनी के लिए विदेशी पूंजी जुटाने का एक उत्कृष्ट साधन है।

36. (d)
ऑपरेशन ग्रीन्स मिशन भारत सरकार के 2018-19 के बजट में प्रस्तावित योजना है। ऑपरेशन ग्रीन्स योजना नवम्बर 2018 में केन्द्र के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा किसानों के मूल्य प्राप्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गयी। यह योजना मुख्य रूप से प्याज, टमाटर और आलू की आपूर्ति व भावों को स्थिर बनाए रखने के सिद्धातों पर काम करेगी।

37. (d)
स्वच्छ विकास तंत्र कार्यक्रम का उपयोग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए किया जाता है। यह UNFCCC के क्योटो प्रोटोकॉल के तहत विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी करने वाले प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को पूरा करने में मदद करता है।

38. (b)
कंबाला त्योहार कर्नाटक राज्य के तटीय इलाकों में आयोजित की जाने वाली एक दो दिवसीय 'भैंसा दौड़' प्रतियोगिता है। यह त्योहार तमिलनाडु के जल्लीकट्टू त्योहार जैसा ही है, बस अंतर इतना है कि इसमें भैंसों को शामिल किया जाता है जबकि जल्लीकट्टू में बैलों को शामिल किया जाता है।

39. (a)
गिद्दा पंजाब में महिलाओं द्वारा किया जाने वाला लोक नृत्य है। यह एक खुशनुमा नृत्य है, जिसमें एक गोले में बोलियाँ गायी जाती हैं तथा तालियाँ बजाई जाती हैं। दो प्रतिभागी घेरे से निकल कर समर्पण भाव से सस्वर बोली सुनाती हैं व अभिनय करती हैं, जबकि शेष समूह में गाती हैं। यह पुनरावृत्ति 3-4 बार होती है। प्रत्येक बार दूसरी टोली होती है, जो एक नयी बोली से शुरुआत करती है।

40. (c)
पंडित जसराज भारत के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायकों में से एक है। पंडित जसराज का जन्म 1930 ई. में हुआ था। पंडित जी का सम्बन्ध मेवाती घराने से है।

41. (a)
"Life on my terms" शरद पवार की आत्मकथा है। इस पुस्तक में मराठा नेता शरद पवार ने 50 साल के राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों का विस्तृत वर्णन किया है।

42. (c)
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

43.(a)
भारत के बाल अधिकार कार्यकर्त्ता कैलाश सत्यार्थी और पाकिस्तान की मलाला यूसुफजई (उम्र-17 वर्ष) को वर्ष 2014 में संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। कैलाश सत्यार्थी भारतीय मूल के प्रथम व्यक्ति है, जिन्हें शान्ति का नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि मदर टेरेसा मीसोडिनियाई मूल की भारतीय नागरिक थी, जिन्हें 1979 में नोबेल का शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया । कैलाश सत्यार्थी द्वारा संचालित संगठन का नाम 'बचपन बचाओ आन्दोलन' है।

44. (d)
यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेन्सी है। इसका गठन वर्ष 1945 में हुआ था। इसका मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में स्थित है। वर्तमान में, यूनेस्को के 193 सदस्य देश और 11 सहयोगी सदस्य हैं।

45. (b)
भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए सबसे पहले 1962 में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और उनके करीबी सहयोगी विक्रम साराभाई के प्रयासों से भारतीय राष्ट्रीय समिति की स्थापना की गई, जिसके अध्यक्ष विक्रम साराभाई थे। इसी क्रम में डॉ. विक्रम साराभाई ने 1969 में भारतीय राष्ट्रीय समिति के स्थान पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की स्थापना की। इसलिए इन्हें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा जाता है।

46. (b)
त्रिशूल कम दूरी का जमीन से हवा में मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है। इसकी मारक क्षमता 500 मी0 से 9 किमी तक है।
कुछ अन्य प्रक्षेपास्त्र निम्न है–

पृथ्वी	जमीन से जमीन पर
आकाश	जमीन से हवा में
अग्नि	जमीन से जमीन पर
नाग	टैंक रोधी निर्देशित प्रक्षेपास्त्र
सागरिका	सबमरीन लांच बैलिस्टिक मिसाइल
ब्रह्मोस	सतह से सतह पर

47. (c)
कम्प्यूटर के सन्दर्भ में वेटवेयर को मानव-मस्तिष्क कहा जाता है। यह एक जैविक कम्प्यूटर है, जिसका निर्माण जीवित न्यूरॉन्स की सहायता से किया जाता है। अतः इसे कृत्रिम कार्बनिक ब्रेन या न्यूरोकम्प्यूटर के नाम से भी जाना जाता है।

48. (c)

1 बिट	1 या 0
1 निबल	= 4 बिट्स
1 बाइट	= 8 बिट्स
1 किलोबाइट	= 1024 बाइट्स
1 मेगाबाइट	= 1024 किलोबाइट
1 गीगाबाइट	= 1024 मेगाबाइट्स
1 टेराबाइट	= 1024 गीगाबाइट
1 पेटाबाइट	= 1024 टेराबाइट
1 एक्साबाइट	= 1024 पेटाबाइट
1 जेटाबाइट	= 1024 एक्साबाइट
1 योटाबाइट	= 1024 जेटाबाइट

49. (b)
कम्प्यूटर द्वारा प्रोसेस करने योग्य उपलब्ध सभी प्रकार की सामग्री डेटा कहलाती है। जिस डेटा पर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हो वह सूचना कहलाती है। दूसरे शब्दों में डाटा पर प्रक्रिया होने के बाद जो अर्थपूर्ण डेटा प्राप्त होता है, उसे सूचना कहते हैं। सूचना, वर्तमान और भविष्य के लिए निर्णय लेने में सहायक एवं मूल्यांकन के लिए आवश्यक सामग्री होती है।

50. (b)
UDP को संयोजन संचार कहते है। संयोजन संचार अक्सर CL- मोड संचार के रूप में भेजा जाता है। इसमें एक डेटा संचार का प्रयोग किया जाता है। संयोजन प्रोटोकाल आमतौर पर वर्णित किया जाता है। उपयोगकर्त्ता डेटाग्राम प्रोटोकाल इंटरनेट प्रोटोकाल के प्रमुख सदस्यों में से एक है। यह न्यूनतम प्रोटोकाल तंत्र की एक कनेक्शन रहित ट्रांसमिशन मॉडल का उपयोग करता है। इसे डेविड पी.रीड द्वारा डिजाइन किया गया था।

51. (b)

भौतिक राशियाँ	-	मात्रक
दाब	–	पास्कल
विद्युत धारा	–	एम्पियर
ज्योति तीव्रता	–	कैंडेला
ताप	–	केल्विन

52. (d)
पायरोमीटर उच्च तापमान मापने के लिये प्रयोग में लाया जाता है। पायरोमीटर या पूर्ण विकिरण उत्तापमापी की सहायता से अत्यधिक उच्च तापों की माप की जाती है। यह तापमापी विकिरण संबंधी स्टीफेन के नियम पर आधारित है। इस तापमापी से लगभग 800°C से नीचे का तापमान नहीं मापते क्योंकि 800ºC से कम ताप पर वस्तुएं ऊष्मीय विकिरण का उत्सर्जन नहीं करती हैं।

53.(c)
वे भौतिक राशियाँ जिन्हें व्यक्त करने के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती है दिशा की नहीं उन्हें अदिश राशियाँ कहते हैं।
जैसे– यंग का मापांक, द्रव्यमान, आयतन, ताप, समय, दूरी।

54. (b)
''यदि किसी वस्तु को क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर से किसी वेग (0^0 व 90^0 के बीच) पर फेका जाये तो उसके गति का पथ परवलयाकार होता हैं, इस प्रकार की गति को प्रक्षेप्य गति कहते है।'' एक तोप द्वारा दागे गये गोले की गति भी प्रक्षेप्य गति का उदाहरण है। इसके अन्य उदाहरण है- पानी की टंकी की दीवार में कोई छेद होने पर छेद से बाहर निकलते हुये जल की धारा की गति, किसी खिलाड़ी द्वारा फेंके गये गोलों की गति।

55. (d)
टी.वी. रिमोट कंट्रोल इंफ्रारेड तरंग के सिद्धान्त पर कार्य करता है। इन तरंगों का प्रयोग दूरस्थ नियंत्रण हेतु बिना तार के कुछ दूरी (लगभग 5 मीटर) पर स्थित किसी इलेक्ट्रॉनिक युक्ति जैसे टी.वी. आदि को नियंत्रित करने के काम आता है। इंफ्रारेड तरंगें (Infra-red waves) विद्युत-चुम्बकीय तरंगें है, जिसकी खोज हर्शेल ने की थी। इनकी आवृत्ति 10^{12} से 10^{10} Hz तक तथा तरंग दैर्ध्य 7.8×10^{-7}m से 10^{-3}m तक होती है।

56. (a) विभिन्न रासायनिक तत्वों का परमाणु द्रव्यमान -

परमाणु तत्व	**क्रमांक**	**द्रव्यमान**
कैल्शियम	20	40.07
मैग्नीशियम	12	24.30
क्लोरीन	17	35.45
सल्फर	16	32

अतः तत्व कैल्शियम का परमाणु द्रव्यमान सबसे अधिक है।

57. (c)

हाइड्रोक्लोरिक अम्ल भोजन के पाचन में मदद करता है।

हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का सूत्र HCl होता है।

सल्फ्यूरिक अम्ल – उर्वरक उद्योग में

एसिटिक अम्ल – सिन्थेटिक फाइबर उद्योग में और सिरका बनाने में

नाइट्रिक अम्ल – विस्फोटक पदार्थ एवं दवाईयाँ बनाने में

58. (b) जल की कठोरता को जल में घुलित आयन मुख्यतः कैल्शियम (Ca^{+2}) और मैग्नीशियम (Mg^{+2}) के लवणों की सान्द्रता के रूप में व्यक्त किया जाता है। जल की कठोरता दो प्रकार की होती है– (1) अस्थायी कठोरता (Temporary Hardness) और (2) स्थायी कठोरता (Permanent Hardness)।

59. (b) हीरा एक पारदर्शी रत्न है। यह रासायनिक रूप से कार्बन का शुद्धतम रूप है। हीरा में प्रत्येक कार्बन परमाणु चार अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ सह-संयोजी बन्ध द्वारा जुड़ा रहता है। इसलिए यह बहुत ही कठोर होता है। हीरा प्राकृतिक पदार्थों में सबसे कठोर पदार्थ है इसकी कठोरता के कारण इसका प्रयोग कई उद्योगों और आभूषण बनाने में किया जाता है। चाँदी एक सफेद रंग की मुलायम और तन्य धातु है। कोयला एक ठोस कार्बनिक पदार्थ है, जिसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है।

60. (d) राइबोसोम सजीव कोशिका के कोशिका द्रव में स्थित बहुत ही सूक्ष्म कण है, जो प्रोटीनों के संश्लेषण तथा कोशिकीय संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राइबोसोम की खोज 1955 के दशक में रोमानिया के जीव वैज्ञानिक 'जॉर्ज पेलेड' ने की थी। उन्होंने इस खोज के लिये इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी का प्रयोग किया था, जिसके लिये उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राइबोसोम नाम 1958 में वैज्ञानिक रिचर्ड बी. रॉबर्ट्स ने प्रस्तावित किया था।

61. (a) ग्रेगर जॉन मेंडल ने अपने वैज्ञानिक खोजों से आधुनिक आनुवंशिकी की नीव डाली। इसीलिए उन्हें आनुवंशिकी का पिता (Father of Genetics) कहा जाता है। मटर के पौधों पर किए गए अपने प्रयोगों के निष्कर्षों को उन्होंने 1866 ई. में Annual Proceedings of the Natural History Society in Brunn प्रकाशित कराया, परन्तु विज्ञान जगत में 34 वर्षों तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया। उनकी मृत्यु के बाद 1900 ई. में इनके प्रयोगों के निष्कर्ष को वैज्ञानिकों द्वारा मान्यता मिली।

62. (c) सहारन 'सिल्वर चींटी' दुनिया की ज्ञात लगभग 12000 चींटी की प्रजातियों में सबसे तेज दौड़ने वाली चींटी है। इस चींटी की रफ्तार प्रति सेकण्ड एक मीटर मापी गयी है। यह छह पैरों वाली चींटी है, जो प्रति सेकेण्ड अपनी लम्बाई का 108 गुना हिस्सा कवर करती है।

63. (c)

पॉलीसाइथेमीया एक प्रकार का रोग है, जो खून में लाल रक्त कणिकाओं के बढ़ने के कारण होता है। इस स्थिति में खून में लाल रक्त कणिकाएँ 55 प्रतिशत से ज्यादा होती है। यह रोग खून में प्लाज्मा की कमी के कारण भी होता है। हमारे शरीर में उपस्थित खून में 40-45 प्रतिशत तक लाल रक्त कणिकाएँ पायी जाती है तथा इनका मुख्य कार्य शरीर के ऊतकों को ऑक्सीजन पहुँचाना है।

64. (a) खाद्य शृंखला के अपरदाहारी स्तर में मिलीपीड, स्प्रिंगटेल, वुडलाइस, गोबर मक्खियां और घोंघा शामिल होते हैं जो मृत या सड़ने वाले पादपों या जन्तुओं से पोषण प्राप्त करते हैं।

65. (d) राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस आदि के आयोजनों में पारदर्शिता लाने, उन्हें नागरिक केंद्रित बनाने के उद्देश्य से सुशासन दिवस (पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का जन्म दिवस) के अवसर पर 25 दिसम्बर 2024 को रक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित, राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल एप को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने लांच किया।

66. (a) केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मार्च 2025 में BRICS यूथ काउंसिल एंटरप्रेन्योरशिप वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी थीम 'सतत विकास के लिए युवा उद्यमिता' है।

67. (b) वंदना का गमन पथ निम्नवत् है-



अतः अब वह दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर चल रही है।

68.(c) **दिए गए विकल्पों से,**

(a) X C C U (- 3)

(b) U Z F R (- 3)

(c) V C D R (- 4)

(d) S X H P (- 3)

अतः विकल्प (c) भिन्न है।

69. (d) **प्रश्नानुसार,**

30 * 4 * 2 * 1 * 121

विकल्प (d) से,

$\Rightarrow$ $30 \times 4 + 2 - 1 = 121$

$\Rightarrow$ $122 - 1 = 121$

$\Rightarrow$ $121 = 121$

$\Rightarrow$ L.H.S. = R.H.S.

70. (a) दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर-

Serein → Serial→ Series→ Serious → Serried

अतः Series शब्द 'तीसरे' स्थान पर आयेगा।

71. (c) जिस प्रकार, $(7 + 11) \times (11 - 7) = 18 \times 4 = 72$

और $(5 + 8) \times (8 - 5) = 13 \times 3 = 39$

उसी प्रकार, $(4 + 7) \times (7 - 4) = 11 \times 3 = 33$

अतः विकल्प (c) सही है।

72. (d) प्रश्नानुसार,



निष्कर्ष : (I) ×
(II) ×
(III) ×
कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

73. (c)
तीनों पासों को एक साथ फेंकने पर संख्याओं का योग 17 या 17 से अधिक आने की संभावनाएँ–
(5, 6, 6), (6, 5, 6), (6, 6, 5), (6,6,6)
कुल संभावनाएँ = 6 × 6 × 6 = 216

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{4}{216}$

$= \frac{1}{54}$

74. (c) दिये गये आँकड़ों के अनुसार-

x	f	∑fx
6	4	24
10	3	30
18	4	72
24	2	48
30	1	30
36	1	36

$\sum fx = 240$
$\sum f = 15$

समान्तर माध्य $= \frac{\sum fx}{f}$

$= \frac{240}{15}$
$= 16$

75. (d) किसी समतल द्वारा काटे गये अंतःखण्ड का समी0,

$$\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{z}{c}=1$$
$$3x-4y-2z=6$$
$$\frac{3x}{6}-\frac{4y}{6}-\frac{2z}{6}=\frac{6}{6}$$
$$\frac{x}{2}-\frac{2y}{3}-\frac{z}{3}=1$$
$$\frac{x}{2}+\frac{y}{\left(-\frac{3}{2}\right)}+\frac{z}{(-3)}=1$$

अंतःखण्ड के समीकरण से तुलना करने पर,
$a = 2$
$b = -\frac{3}{2}$
$c = -3$

76. (b) **प्रश्नानुसार,**

$$\frac{\cos 20^o}{\sin 70^o}+\frac{\cos\theta}{\sin(90^o-\theta)}$$
$$=\frac{\cos 20^o}{\sin(90^0-20^0)}+\frac{\cos\theta}{\sin(90^0-\theta)}$$
$$=\frac{\cos 20^o}{\cos 20^o}+\frac{\cos\theta}{\cos\theta}$$
$= 1 + 1$
$= 2$

77. (a) प्रश्नानुसार,
147 – 49 = 98
322 – 147 = 175
322 – 49 = 273
98, 175 और 273 का HCF लेने पर–
98 = 2 × 7 × 7
175 = 5 × 5 × 7
273 = 3 × 7 × 13
$\because$ HCF, 7 है।
$\therefore$ प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल 7 प्राप्त होगा।

78. (a) ΔABC में, AD माध्यिका है।



$\because$ AP : PD = 2 : 1
दिया है- AP = 14 cm

$\therefore$ $PD = \frac{14\times1}{2} = 7$ cm

79. (c) त्रिज्या = 4 cm
केन्द्र पर कोण $= 30^0$

$\therefore$ त्रिज्याखण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{\theta}{360}\times\pi r^2$



$$=\frac{30^0}{360^0}\times\frac{22}{7}\times4\times4$$
$$=\frac{1}{12}\times\frac{22}{7}\times4\times4$$
$$=\frac{1}{12}\times\frac{22}{7}\times4\times4$$
$$=\frac{88}{21}=4.190$$
$=4.186$ cm^2 (लगभग)

80.(c) दिया है,
$\frac{25}{36}$ $\longrightarrow$ S.I.
$\longrightarrow$ P
$r = t = x$

$$SI=\frac{p\times r\times t}{100}$$
$$25=\frac{x\times x\times 36}{100}$$
$$x^2=\frac{2500}{36}$$
$$x=\frac{50}{6}$$
$x = 8.33\%$

81. (a)
उपरोक्त वाक्य के रेखांकित भाग took on के स्थान पर taken to (ले जाना) का प्रयोग होगा क्योंकि "कुछ ले जाने" के sense में take के साथ 'to' preposition का प्रयोग होता है तथा वाक्य passive में है इसलिए taken (V^{3rd}) का प्रयोग होगा।
Correct sentence–
We were <u>taken to</u> the vineyards for a tour.
82. (b)
Betterment (सुधार/उन्नति) Antonym, Deterioration (क्षय/खराबी)
अन्य विकल्पों के अर्थ
Prosperity - सम्पन्नता
Progress - तरक्की/प्रगति
Advancement - उन्नति/वृद्धि
83. (b)
उपरोक्त वाक्य के रेखांकित भाग Although (यद्यपि) के स्थान पर As soon as (ज्यों ही .... त्यों ही) का प्रयोग होगा
क्योंकि वाक्य के भाव के अनुसार यह उपयुक्त अर्थ देता है।
Correct sentence:–
<u>As soon as</u> he got the message he rushed home.
84. (d)
उपरोक्त group of words, A type of substance or material that burns very quickly के लिए विकल्प (d) Inflammable (ज्वलनशील) उपयुक्त शब्द है। अन्य विकल्पो के अर्थ भिन्न है।
Indelible - अमिट/जो मिट न सके
Incredible - अविश्वसनीय
Invisible - अदृश्य
85. (a)
उपरोक्त group of words, 'A plan or route to be followed on a Journey' के लिए विकल्प (a) Itinerary (यात्रा- कार्यक्रम) उपयुक्त शब्द है। अन्य विकल्पों के अर्थ भिन्न है।
Travel - यात्रा
Tour - मनोरंजन की यात्रा
Arrangement - व्यवस्था
86. (a)
उपरोक्त वाक्य में If I will meet के स्थान पर If I meet का प्रयोग होगा क्योंकि Conditional sentence में यदि result sentence or Principal clause, future Indefinite tense में हो तो Sub-ordinate clause or conditional वाक्य सामान्यतः Present Indefinite Tense में होता है।
Correct sentence:–
<u>If I meet</u> my friend today, I shall give him this book.
87. (d)
Volatile (परिवर्तनशील/अनिश्चित) Antonym, Certain (निश्चित)
अन्य विकल्पों के अर्थ–
Subtle - सूक्ष्म
Erratic - अनियमित
Flighty - चंचल/सनकी
88. (b)
उपरोक्त विकल्पों में से विकल्प (b) occurence की वर्तनी अशुद्ध है इसकी शुद्ध वर्तनी occurrence (घटना) है। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध है
Occasion - अवसर
Offering - भेंट/बलि
Auction - नीलाम करना
89. (d)
उपरोक्त वाक्य में could not went के स्थान पर could not <u>go</u> का प्रयोग होगा क्योंकि किसी भी modal के बाद क्रिया अपने मूल रूप अर्थात V^{Ist} form में आती है।
Correct sentence–
I could not go for my sister's wedding in Rajasthan as I had my final examination at that time.
90. (a)
उपरोक्त वाक्य में gives a lots of के स्थान पर gives lots of / a lot of का प्रयोग होगा क्योंकि 'अधिक' के sense में a lot of या lots of का प्रयोग होता है।
Correct sentence–
The Nature channel <u>gives a lot of</u> interesting information on wildlife.
91.(d)
स्पृश्य का विलोम **अस्पृश्य** होता है।
92.(b)
'प्रत्यय' उस शब्दांश को कहते है, जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न करते हैं। 'दर्शिका' शब्द में 'इका' प्रत्यय है। इका प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द- नायिका, गायिका आदि।
93.(c)
'महा + ईश' का संधि रूप '**महेश**' होगा। यहाँ गुण संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ 'अ' के बाद स्वर इ, उ, ऋ आये तो यह क्रमशः ए, ओ और अर् हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं -
देव + इन्द्र = देवेन्द्र
चन्द्र + उदय = चन्द्रोदय
महा + ऋषि = महर्षि
94.(b)
'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा – निःस्पृह।
95.(c)
'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है 'अन्तेवासी'। शेष विकल्प असंगत हैं।
96.(a)
'अन्न-अन्य' शब्द युग्म का सही अर्थ– 'अनाज-दूसरा' होगा।
97.(c)
सर्प, मेंढक, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द हरि है। 'हरि' अनेकार्थक शब्द हैं।
98.(a)
'अक्ष' का अनेकार्थी धुरी होगा। जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं। अक्ष के अनेकार्थी शब्द इस प्रकार हैं- ज्ञान, सर्प, रथ, मंडल, आत्मा आदि।
99.(c)
'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द 'समालोचन' है। इसके अन्य पर्याय हैं– समीक्षा, आलोचना, विवेचना, निरूपण आदि।
100.(a)
"आये थे हरिभजन को, ओटन लगे कपास" कहावत का अर्थ है– 'किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना'।

PRACTICE SET - 3

1. स्वतंत्र भारत का पहला केंद्रीय बजट किसने पेश किया था–
(a) मोरारजी देसाई (b) जॉन मथाई
(c) N. K. चंद्रा (d) R. K. षनमुखम चेट्टी

2. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा भाग केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित है?
(a) भाग VIII (b) भाग IV
(c) भाग IX (d) भाग VI

3. संविधान के इनमें से किस अनुच्छेद में 'केंद्रीय बजट' को 'वार्षिक वित्तीय विवरण' के रूप में संदर्भित किया गया है?
(a) अनुच्छेद 102 (b) अनुच्छेद 113
(c) अनुच्छेद 112 (d) अनुच्छेद 101

4. निम्नलिखित में से किसे भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त नहीं किया जाता है?
(a) राज्यों के मुख्यमंत्री
(b) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) राज्यों के राज्यपाल

5. अपनी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भारत का प्रधानमंत्री मतदान में भाग नहीं ले सकता, यदि वह –
(a) राज्यसभा सदस्य है
(b) लोकसभा की विरोधी पार्टियों द्वारा निषिद्ध किया गया है
(c) बहुमत में है
(d) लोकसभा सदस्य है

6. भारत के प्रधानमंत्री के पद हेतु नामित किये जाने के लिए एक व्यक्ति की न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?
(a) 25 वर्ष, यदि वह राज्यसभा का सदस्य है।
(b) 25 वर्ष, यदि वह लोकसभा का सदस्य है।
(c) 35 वर्ष, यदि वह राज्यसभा का सदस्य है।
(d) 30 वर्ष, यदि वह लोकसभा का सदस्य है।

7. भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, राजनैतिक दल चुनाव पूर्व किस अवधि में अपना घोषणा पत्र जारी नहीं कर सकते हैं?
(a) 60 h (b) 48 h
(c) 36 h (d) 24 h

8. भारतीय संविधान में 'समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य' शब्द कब शामिल किए गए थे?
(a) 1974 में 35वें संशोधन में
(b) 1985 में 42वें संशोधन में
(c) 1978 में 44वें संशोधन में
(d) 1976 में 42वें संशोधन में

9. व्यापार एवं आर्थिक संबंध समिति का प्रमुख कौन होता है?
(a) वित्त मंत्री
(b) नीति आयोग के उपाध्यक्ष
(c) आरबीआई गवर्नर
(d) प्रधानमंत्री

10. गैस, धूल और अरबों सितारो का एक विशाल संग्रह कहलाता है–
(a) ब्रह्मांड (b) आकाश गंगा
(c) नक्षत्र (d) विश्व

11. धरती के प्राकृतिक उपग्रह कितने हैं ?
(a) चार (b) दो
(c) तीन (d) एक

12. कर्क रेखा है:
(a) $66\frac{1^0}{2}$ उत्तरी अक्षांश (b) $66\frac{1^0}{2}$ दक्षिणी अक्षांश
(c) $23\frac{1^0}{2}$ उत्तरी अक्षांश (d) $23\frac{1^0}{2}$ दक्षिणी अक्षांश

13. पृथ्वी की सतह की निकटतम वायुमंडल की परत कौन सी है?
(a) समतापमण्डल (b) स्थलमंडल
(c) दुर्बलमंडल (d) क्षोभमण्डल

14. पटाका किस देश की मुद्रा है?
(a) मकाऊ (b) पनामा
(c) लाओस (d) मैक्सिको

15. निम्नलिखित में से किस शहर को 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है?
(a) इम्फाल (b) शिलांग
(c) आइजोल (d) सिलचर

16. निम्नलिखित में से कौन-सी श्रृंखला भारत की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला है?
(a) अरावली (b) पश्चिमी घाट
(c) पूर्वी घाट (d) हिमालय

17. पगलाड़िया बांध परियोजना किस राज्य में स्थित है?
(a) मेघालय (b) पश्चिम बंगाल
(c) नागालैंड (d) असम

18. गोल्डन फाइबर के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) गेहूँ (b) ऊन
(c) जूट (d) रेयान

19. भारतमाला परियोजना किससे संबंधित है?
(a) बंदरगाहों (b) राजमार्गों
(c) दूरसंचार (d) रेलमार्गों

20. **सिंधु घाटी सभ्यता के किस शहर का शाब्दिक अर्थ 'मृतकों का टीला' है?**
(a) मेसोपोटामिया (b) मोहनजोदड़ो
(c) बालाकोट (d) हड़प्पा

21. **गौतम बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?**
(a) अयोध्या (b) लुम्बिनी
(c) वैशाली (d) मगध

22. **कनिष्क किस वंश से संबंधित थे?**
(a) चोल (b) पल्लव
(c) कुषाण (d) मौर्य

23. **एहोल शिलालेख निम्नलिखित में से किन शासकों से जुड़े हुए हैं?**
(a) विक्रमादित्य (b) अकबर
(c) अशोक (d) पुलकेशिन द्वितीय

24. **इनमें से किसके द्वारा दिल्ली सल्तनत में इक्ता (Iqta) प्रणाली को संस्थागत रूप में लागू किया गया था?**
(a) इल्तुतमिश (b) गयासुद्दीन बलबन
(c) कुतब-उद-दिन-ऐबक (d) आराम शाह

25. **बुक्का प्रथम (Bukka-I) प्राचीन भारत के इनमें से किस राजवंश का संस्थापक था?**
(a) सालुव (b) संगम
(c) तुलुव (d) अराविडू

26. **अहमदनगर की किस रानी ने बादशाह अकबर का विरोध किया था?**
(a) रानी दुर्गावती (b) जीनत महल
(c) चाँद बीबी (d) रजिया सुल्तान

27. **'आइन-ए-अकबरी' किसने लिखी थी? यह 16वीं शताब्दी का विस्तृत दस्तावेज है, जिसमें सम्राट अकबर के अधीन मुगल साम्राज्य की प्रशासन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन किया गया है।**
(a) मुल्ला शाह (b) अब्दुर रहीम
(c) अबुल फज़ल (d) हाजी इब्राहिम

28. **केप ऑफ गुड होप कहाँ स्थित है?**
(a) रूस (b) दक्षिण अफ्रीका
(c) अर्जेंटीना (d) जर्मनी

29. **केरल में मोपला विद्रोह (मालाबार विद्रोह) कब हुआ था?**
(a) 1921 (b) 1928
(c) 1945 (d) 1934

30. **किंग जॉर्ज पंचम तथा क्वीन मैरी की यात्रा की याद में सन् 1911 में भारत का कौन-सा लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनाया गया था?**
(a) इंडिया गेट (b) गेटवे ऑफ इंडिया
(c) प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम (d) विक्टोरिया टर्मिनस

31. **पूना समझौता कब हस्ताक्षरित किया गया था ?**
(a) 1935 (b) 1928
(c) 1930 (d) 1932

32. **1781 में, भारत के पहले गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने मुस्लिम कानून के अध्ययन और शिक्षण के लिए _____ में मदरसा की स्थापना की।**
(a) मुंबई (b) दिल्ली
(c) बिहार (d) कलकत्ता

33. **इनमें से किसे भारतीय पंचवर्षीय योजना का वास्तुकार कहा जाता है?**
(a) पी सी महालनोबिस (b) जवाहर लाल नेहरू
(c) जमनालाल बजाज (d) घनश्याम दास बिड़ला

34. **भारत में बचत बैंक खाते पर दी जाने वाली ब्याज दर ______ के द्वारा निर्धारित की जाती है।**
(a) संबंधित बैंक (b) बैंक एसोसिएशन
(c) आरबीआई (d) वित्त मंत्रालय

35. **प्रथम बार सेवा कर भारत में किस वर्ष लागू किया गया?**
(a) 2002 (b) 1995
(c) 1998 (d) 1994

36. **इनमें से कौन-सा पूंजी प्राप्ति का हिस्सा नहीं है?**
(a) कर (b) ऋण की वसूली
(c) उधार (d) विनिवेश

37. **महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का शुभारम्भ____को किया गया था।**
(a) 2 फरवरी 2006 (b) 3 मार्च 2008
(c) 22 फरवरी 2001 (d) 10 जून 2010

38. **महाराष्ट्र सरकार ने ——— के अवसर पर 'अस्मिता योजना' शुरू की।**
(a) अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस
(b) अंतर्राष्ट्रीय सहायता दिवस
(c) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
(d) अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

39. **बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (Bank of International Settlements) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
(a) बार्सिलोना (b) बेसल
(c) बर्लिन (d) बैंकाक

40. **पंजाब में अनाज काटने के समय निम्न में से कौन-सा लोक नृत्य प्रचलित है?**
(a) ओडिसी (b) गरबा
(c) कथक (d) भांगड़ा

41. **अरुण शौरी निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक हैं?**
(a) अनीता देसाई
(b) अनीता गेट्स बेल (Bail)
(c) अनीता गेट्स ए लाइफ
(d) अनीता गेट्स दी बॉल

42. **'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 14 दिसम्बर (b) 02 अक्टूबर
(c) 12 नवम्बर (d) 06 अक्टूबर

43. **चिकित्सा के क्षेत्र में पहला नोबेल पुरस्कार 1901 में .... के टीके की खोज के लिए दिया गया था–**
(a) डिप्थीरिया (b) पोलियो
(c) चेचक (d) मलेरिया

44. **.............. भारत में स्थित एक बायो-रिजर्व है, जो यूनेस्को (UNESCO) विश्व विरासत स्थल भी है।**
(a) नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान
(b) मन्नार की खाड़ी
(c) पचमढ़ी बायोस्फीयर रिजर्व
(d) सुंदरवन

45. **GEO का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) जियोस्ट्रक्चर एलीमेंट ऑर्बिट
(b) जियोस्टेशनरी अर्थ ऑर्बिट
(c) जियोग्राफिकल अर्थ ऑर्बिट
(d) जियोग्राफी अर्थ ऑर्बिट

46. **अग्नि–II क्या है?**
(a) एक मध्यवर्ती दूरी का बैलेस्टिक मिसाइल
(b) एक युद्ध टैंक
(c) एक उपग्रह
(d) एक उपग्रह प्रक्षेपण यान

47. **कम्प्यूटर शब्दावली में 'निबल' (Nibble) को ____ भी कहा जाता है।**
(a) आधा बिट (b) बाइट
(c) आधा बाइट (d) बिट

48. **निम्नलिखित में से कौन एक कम्प्यूटर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है?**
(a) जावा (b) विजुअल बेसिक
(c) वर्ड प्रोसेसर (d) रैम

49. **Microsoft Office (माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस) में कौन-सी फंक्शन की (function key) प्रिंट प्रिव्यू विंडो (Print Preview Window) प्रदर्शित करती है?**
(a) Shift + F2 (b) Alt + F2
(c) Alt + Ctrl + F2 (d) Ctrl + F2

50. **निम्नलिखित में से किसे गॉस (Gauss) नामक इकाई में मापा जाता है?**
(a) नाभिक की त्रिज्या (b) बल
(c) चुंबकीय प्रेरण (d) समुद्री गहराई

51. **एक निश्चित स्तर से ऊपर, किसी विमान की ऊंचाई को मापने के लिए किस वैज्ञानिक उपकरण का उपयोग किया जाता है?**
(a) फैदोमीटर (b) बैरोमीटर
(c) अल्टीमीटर (d) वॉटमीटर

52. **निम्नलिखित में से कौन-सी एक अदिश राशि नहीं है?**
(a) तापमान (b) आयतन
(c) समय (d) बलाघूर्ण

53. **घर्षण, सतहों की चिकनाई पर निर्भर करता है। घर्षण बल हमेशा प्रयुक्त बलों...............।**
(a) में प्रतिरूपित होता है (b) का संवहन करता है
(c) का विरोध करता है। (d) में जुड़ता है

54. **किस वैज्ञानिक ने प्रकाश के तरंग सिद्धान्त को प्रस्तावित किया ?**
(a) नील बोर (b) क्रिश्चियन हाइगेंस
(c) जे.जे. थॉमसन (d) माइकल फैराडे

55. **इनमें से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?**
(a) ऊर्जा के लिए कार्बोहाइड्रेट का रूपांतरण
(b) पानी को भाप में परिवर्तित करना
(c) दूध से दही बनाना
(d) ताप कोयला

56. **प्रोटियम, ड्यूटीरियम और ट्राइटियम ——— के प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले समस्थानिक हैं?**
(a) हाइड्रोजन (b) कार्बन
(c) स्वर्ण (d) नाइट्रोजन

57. **लेड संचायक बैटरी में कौन-सा अम्ल प्रयोग किया जाता है?**
(a) सल्फ्यूरिक अम्ल (b) नाइट्रिक अम्ल
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (d) एसिटिक अम्ल

58. **हाइड्रोजन गैस के खोजकर्ता कौन है।**
(a) हेनरी कैवेन्डिश (b) जॉर्ज केली
(c) सैमुअल कोइट (d) डब्ल्यू. सी. रॉटजन

59. **ऑर्निथोलॉजी किससे संबंधित है?**
(a) मछली के अध्ययन
(b) सरीसृपों और उभयचरों के अध्ययन
(c) कीटों के अध्ययन
(d) पक्षियों के अध्ययन

60. **प्याज में लाल रंग निम्न में से किस वर्णक के कारण होता है?**
(a) ऐंथोसाइनिन (b) कैरोटीनॉयड
(c) बेटालेन (d) क्लोरोफिल

61. **'विल्सन' रोग एक आनुवांशिक रोग है जिसमें .... शरीर में अत्यधिक मात्रा में संचय होता है।**
(a) कॉपर (b) कैल्शियम
(c) आयरन (d) सोडियम

62. **ऑक्टोपस किस प्रजाति के अंतर्गत आता है?**
(a) मोलस्का (b) नीडेरिया
(c) इकाइनोडर्मेटा (d) कॉर्डेटा

63. **............रक्त में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली कणिकाएँ हैं।**
(a) ग्रैन्युलोसाइट्स (b) इरिथ्रोसाइट्स
(c) मोनोसाइट्स (d) लिम्फोसाइट्स